तापमान

अधिकतम 41.8 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026



10 आधी रात गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी...





11 उपार्जन केंद्र में 20 दिन बाद भी नहीं हुई खरीदी






## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** बाइक में अवैध शराब का परिवहन करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि माईनिंग चौक, ग्राम पोटिया मोड़ मेन रोड अहिवारा में घेराबंदी कर दोनों को बाइक समेत पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम ग्राम गिरहोला निवासी राहुल बंजारे,विजय बंजारे बताया है। युवकों के पास से पुलिस ने 60 पौवा देशी मदिरा शराब 6 हजार रुपये का जब्त किया है। बाइक 25 हजार का जब्त किया है। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस कर्मियों का योगदान रहा है।

### नाबालिग से अनाचार आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** नाबालिग के साथ अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंडा पुलिस ने बताया कि ओम प्रकाश साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने अह्म साक्ष्य जब्त किए गए है। दुर्ग पुलिस नागरिकों से अपील करती है कि विशेष रूप से बच्चों से संबंधित अपराधों की सूचना पुलिस को दें। ऐसे अपराधों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### बैंक खातों से 3.28 लाख रुपए पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** मोबाइल से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि रेल्वे कालोनी 124/बी जोन 1 चरोदा निवासी जी रामू प्रायवेट कंपनी मे काम करता है। 19 अप्रैल को वे अपना मोबाईल को चेक कर रहा था, तभी एक एसएमएस आया उसे क्लिक करते ही खाता से पैसा कट गया। इस पर पीड़ित बैंक पहुंचा तो पता चला कि खाता से कुल 3 लाख 28 हजार 44.16 रुपये पार कर ठगी किया। पीड़ित का कहना है कि उसने मकान बनाने के लिए लोन लिया था।

## विरोध : शराब दुकानों पर बढ़ता विवाद, विरोध के बावजूद कई दुकानों की नहीं हुई शिफ्टिंग

# सेक्टर-6 पर सख्ती, बाकी इलाकों में खामोशी, दोहरी नीति पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई शहर दो हिस्सों में बंटा हुआ है। एक ओर सेक्टर एरिया, वहीं दूसरी ओर नेहरू नगर, सुपेला और खुर्सीपार जैसे इलाके आते हैं। सेक्टर एरिया की तुलना में पटरी के इस पार शराब दुकानों की संख्या अधिक है, जिससे यहां रहने वाले परिवारों को ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अब सेक्टर-6 ए मार्केट में भी शराब दुकान खोले जाने से व्यापारी और कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। बता दें कि दुर्ग जिले में करीब 63 देशी और विदेशी शराब दुकानों में से सबसे ज्यादा भिलाई में संचालित हैं।

खुर्सीपार और सुपेला में शराब दुकानों को अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की मांग को लेकर लगातार विरोध प्रदर्शन होते रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लक्ष्मी मार्केट सुपेला के बीच स्थित देशी शराब दुकान को हटाने के लिए भी लंबे समय तक आंदोलन चला, बावजूद इसके दुकान आज भी वहीं संचालित है। इसी तरह पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम खुर्सीपार में शराब दुकान खोलने के विरोध में भी लोगों ने आवाज उठाई, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। स्टेडियम और मार्केट जैसे भीड़भाड़ वाले इलाकों में शराब दुकानों के कारण स्थानीय नागरिकों, खासकर महिलाओं और बच्चों को असहज परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। लगातार विरोध के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर कोई बड़ा निर्णय नहीं होने से लोगों में नाराजगी बनी हुई है।



लक्ष्मी मार्केट सुपेला स्थित शराब दुकान के बाहर मुख्य सड़क पर लगी वाहनों की लंबी कतार।

#### केस 1

### नहीं हटी लक्ष्मी मार्केट की शराब दुकान

सुपेला स्थित लक्ष्मी मार्केट सुपेला में संचालित देशी शराब दुकान को हटाने की मांग वर्षों से उठती रही है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इस मुद्दे को सबसे पहले युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन के नेतृत्व में उठाया गया था। उनके नेतृत्व में लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन किए गए और दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की गई। इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस नेताओं ने भी धरना-प्रदर्शन किया और दुकान हटाने की मांग उठाई। इसके बावजूद, वर्षों तक चले विरोध के बाद भी प्रशासन द्वारा शराब दुकान को नहीं हटाया गया। वहीं गदा चौक में स्थित अंग्रेजी शराब दुकान को नगर निगम के सामने शिफ्ट कर दिया गया। इससे लोगों में लगातार नाराजगी बनी हुई है।

#### केस 2

### विरोध में जेल गए पार्षद, संघर्ष जारी

खुर्सीपार स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम में 29 नवंबर 2025 को देशी शराब दुकान खोले जाने के बाद से विवाद लगातार जारी है। वार्ड 47 के पार्षद भूपेंद्र यादव के नेतृत्व में इस फैसले का जोरदार विरोध किया गया। इस दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा। यह स्टेडियम अब दीनदयाल शराब दुकान के नाम से चर्चित हो गया है, जो अपने आप में स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। लोगों का कहना है कि खेलकूद के लिए बनाए गए इस परिसर में शराब दुकान खुलने से बच्चों और युवाओं पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। पार्षद भूपेंद्र यादव बुधवार को खुर्सीपार से कलेक्टोरेट तक पैदल मार्च कर कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन सौंपेंगे।

### सेक्टर-6 पर मुखर, पटरीपार पर चुप
### महापौर की भूमिका पर उठे सवाल

खुर्सीपार और सुपेला में शराब दुकानों को हटाने को लेकर जब लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन चलता रहा, तब भिलाई महापौर नीरज पाल का कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया, लेकिन हाल ही में सेक्टर-6 के ए मार्केट में खुली शराब दुकान के विरोध में महापौर खुलकर सामने आए और बयान भी जारी किए। इस रुख पर स्थानीय लोगों का कहना है कि लक्ष्मी मार्केट सुपेला और पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम जैसे इलाकों में स्थित शराब दुकानों से सैकड़ों लोग प्रभावित हैं। यहां वर्षों से विरोध प्रदर्शन होते रहे, बावजूद इसके उस समय महापौर की ओर से कोई सक्रिय हस्तक्षेप या बयान सामने नहीं आया। अब जब सेक्टर एरिया में मामला उठा है, तो महापौर के सक्रिय होने पर आम जनता सवाल कर रही है कि क्या पटरीपार के मुद्दे कम महत्वपूर्ण थे? फिलहाल, इस पूरे मामले ने शहर की राजनीति को गर्मा दिया है और महापौर की भूमिका को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

### नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल, पूरे शहर में समान रूप से होना चाहिए नियम



शराब दुकानों को लेकर जारी विवाद के बीच नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव और महापौर नीरज पाल की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सेक्टर-6 के ए मार्केट में शराब दुकान के विरोध में जहां सख्ती दिखाई जा रही है, वहीं खुर्सीपार और सुपेला जैसे इलाकों में विरोध के बावजूद चुप्पी बनी रही। सिन्हा ने कहा कि खुर्सीपार स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम और सुपेला के लक्ष्मी मार्केट सुपेला में शराब दुकानों को लेकर लगातार विरोध हुआ, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। निगम मुख्यालय के पास संचालित दुकानों और गदा चौक क्षेत्र के मुद्दों पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने सवाल उठाया कि क्या यह जनहित में लिया जा रहा फैसला है या फिर चयनात्मक राजनीति का उदाहरण। उन्होंने मांग की कि यदि नियम बनाए गए हैं, तो उनका पालन पूरे शहर में समान रूप से होना चाहिए, न कि किसी एक क्षेत्र तक सीमित रहे।

### विधायक देवेंद्र ने सीएम को लिखा पत्र



सेक्टर-6 में प्रस्तावित नई शराब दुकान को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की है। विधायक ने लिखा कि जिस स्थान का चयन किया गया है, वह सामाजिक और नैतिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं है। प्रस्तावित स्थल के आसपास स्कूल और कॉलेज स्थित हैं। इसके अलावा यह पूरा इलाका घनी आबादी वाला आवासीय क्षेत्र है, जहां बड़ी संख्या में परिवार रहते हैं। आसपास डॉक्टरों के क्लिनिक मौजूद हैं, जहां मरीजों की आवाजाही बनी रहती है। वहीं, नजदीक धार्मिक स्थल होने के कारण क्षेत्र की संवेदनशीलता और बढ़ जाती है। ऐसे में यहां शराब दुकान खोलना जनभावनाओं के खिलाफ बताया गया है। विधायक ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे इस मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लें और प्रस्तावित शराब दुकान को आवासीय क्षेत्र से हटाकर किसी उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करें।

### आज भी जारी है संघर्ष



पं. दीन दयाल स्टेडियम खुर्सीपार से शराब दुकान को हटाने मेरा संघर्ष आज भी जारी है। जिला प्रशासन से कई बार हटाने की मांग की गई है। 22 अप्रैल को जनदर्शन में पैदल मार्च करते हुए फिर से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

-**भूपेन्द्र यादव**, पार्षद, वार्ड 47 भिलाई

### प्रशासन गंभीर नहीं



लक्ष्मी मार्केट में संचालित शराब दुकान से व्यापारी और आम जनता दोनो ही वर्ग त्रस्त है। मुख्य मार्ग होने के चलते परेशानी और बढ़ गई है। लंबे विरोध प्रदर्शन के बाद भी अब तक शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने प्रशासन गंभीर नहीं है।

-**चन्द्रशेखर गवई**, पार्षद वार्ड 10, भिलाई

### मेरे लिए पूरा शहर एक



मेरे लिए भिलाई नगर निगम का पूरा क्षेत्र एक है। पटरी इस पार और उस पार का आरोप गलत है। मैंने सभी जगह यह पक्ष रखा है कि शराब दुकान वहीं होनी चाहिए, जहां भीड़-भाड़ या मार्केट वाला क्षेत्र न हो। आबकारी विभाग और कलेक्टर महोदय से भी इसको लेकर चर्चा जारी है।

-**नीरज पाल**, महापौर, नगर पालिक निगम भिलाई

### मदन सेन ने महापौर पर उठाए दोहरे मापदंड के सवाल



शराब दुकानों को लेकर आरटीआई प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मदन सेन ने महापौर की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि भिलाई नगर निगम के महापौर शहर के लिए पटरी इस पार हो या उस पार, सभी क्षेत्र समान होने चाहिए। पटरी पार के इलाकों में भी शिक्षित और संस्कारित लोग रहते हैं, लेकिन वहां के मतदाताओं के साथ दोहरा मापदंड अपनाए जाने का आरोप लग रहा है।

## सेक्टर-6 ए मार्केट में शराब दुकान के विरोध में प्रदर्शन, काली पट्टी बांधकर जताया आक्रोश

**भिलाई।** सेक्टर-6 ए मार्केट में संचालित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को स्थानीय रहवासियों, व्यापारियों और जनप्रतिनिधियों ने विरोध प्रदर्शन किया। सभी लोग शराब दुकान के सामने एकत्रित हुए और काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया।

नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने दुर्ग कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की।नगर पालिक निगम भिलाई के एमआईसी सदस्य और सेक्टर-6 के पार्षद साकेत चन्द्राकर ने कहा कि ए मार्केट भिलाई टाउनशिप का प्रमुख और सबसे बड़ा बाजार है, जहां पूरे शहर से लोग परिवार सहित खरीदारी के लिए आते हैं। ऐसे पारिवारिक वातावरण वाले बाजार के बीच शराब दुकान खोलना पूरी तरह अनुचित निर्णय है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद सौरभ दत्ता ने कहा कि सेक्टर-6 क्षेत्र में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर के साथ कई स्कूल भी स्थित हैं। जिस स्थान पर शराब दुकान खोली गई है, उसके करीब धार्मिक स्थल मौजूद हैं, ऐसे में यह निर्णय उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के खाली मैदानों और जर्जर भवनों में पहले से असामाजिक गतिविधियां देखी जाती रही हैं।





अब शराब दुकान खुलने से नशाखोरी और आपत्तिजनक घटनाओं में बढ़ोतरी की आशंका है, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित होगा। इस दौरान भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र परगनिहा, सभापति द्वय केशव बंछोर, गिरिवर बंटी साहू, एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, एकांश बंछोर, जोन अध्यक्ष राजेश चौधरी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद सुभद्रा सिंह, पार्षद अभय सोनी, सुरेश वर्मा, उमेश साहू आदि उपस्थित थे।

# नाले पर कब्जा कर अवैध प्लॉटिंग, निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत बाबादीप सिंह नगर में केपीएस स्कूल के पीछे अवैध प्लॉटिंग का मामला सामने आया था। हरिभूमि ने इस खबर को प्रमुखता से उठाया था। खबर संज्ञान लेते हुए निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने मंगलवार को टीम कार्रवाई के लिए भेजा। टीम मौके पर पहुंची और प्लॉटिंग के लिए बनाई गई मार्ग संरचना को बिगाड़ने के साथ अस्थाई सड़क की मुरुम को जब्त किया।

वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन व हरिभूमि लगातार शहर में हो रही अवैध प्लॉटिंग का मुद्दा उठा रहे हैं। इसके बाद निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय ने इस पर कार्रवाई करना शुरू कर दिया है। उनके निर्देशानुसार जोन-2 के राजस्व विभाग एवं बेदखली की संयुक्त टीम ने वार्ड क्रमांक 20 वैशाली नगर के बाबादीप सिंह नगर क्षेत्र में कार्रवाई की। मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रिक्त भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण कर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। साथ ही मुरूम डालकर प्लॉट काटे गए थे और उन्हें नागरिकों को बेचा जा रहा था। निगम की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी के माध्यम से अवैध रूप से निर्मित बाउण्ड्रीवाल को ध्वस्त किया तथा मौके से संबंधित सामग्री को जप्त किया गया।

निगम ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरुद्ध आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी। लोग बिना वैध दस्तावेजों के किसी भी भूमि की खरीदी न करें तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी निगम को दें। इस कार्रवाई में निगम के उप अभियंता पुरुषोत्तम सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी प्रसन्न तिवारी, तोड़फोड़ नोडल विनय शर्मा, हरिओम गुप्ता, समीर अहमद, कृष्ण कुमार सुपैत व करण आदि मौजूद रहे।

### भू-माफियाओं को बचाने बता दिया अज्ञात की जमीन

निगम की टीम कार्रवाई करने तो पहुंची, लेकिन जिस भूमाफिया के द्वारा यहां अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी उसे अज्ञात द्वारा किया जाना दिखा दिया है। लोगों का कहना है कि यदि निगम को कार्रवाई ही करनी है कि उस जमीन का खसरा नंबर पता करें। जमीन जिसके नाम पर है उसके खिलाफ कार्रवाई करें साथ ही उस खसरा नंबर को ब्लॉक करने की कार्रवाई करें, जिससे की भविष्य में उस जमीन पर दोबारा अवैध प्लॉटिंग न हो सके।

**वैशाली नगर विधायक ने तालाब बचाने कमिश्नर को कहा मजबूती से रखे पक्ष :** वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने जुनवानी रोड कोहका स्थित रानी अवंति बाई सरोवर को भू-माफियाओं से बचाने के लिए निगम कमिश्नर को अपना पक्ष मजबूती से कोर्ट में रखने को कहा है। उन्होंने बताया कि सरोवर की जमीन को लेकर चल रहे अदालती दांवपेच को तोड़ने बड़े वकीलों का पैनल बनाया जाएगा, जो अदालत में शासन का पक्ष मजबूती से रखेंगे। उन्होंने बताया कि सरोवर के लिए जमीन दान दी जा चुकी है लेकिन अब बिल्डर द्वारा सरोवर के तट और पाल (मेढ़) की जमीन पर अपना दावा ठोकते हुए उच्च न्यायालय में मुकदमा दायर किया गया है। विधायक ने निगम कमिश्नर से मामले की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि निगम प्रशासन उच्च न्यायालय में अपना पक्ष मजबूती से रखे।







## भिलाई नगर पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# बर्थ-डे पार्टी मना रहे युवकों पर बियर की बोतल से किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जन्म दिन की पार्टी मना रहे युवकों पर बियर की बोतल से हमला करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि के पाल चक्रवर्ती ने प्राइवेट आईटीआई का छात्र है। 20 अप्रैल को अपने दोस्तों विशेष सिंह, निलम प्रतीक, के. जोएल के साथ विशेष सिंह का जन्मदिन मनाने सेक्टर-07 मार्केट के पास मैदान में गया था। सभी इकट्ठा होकर जन्मदिन मना रहे थे, तभी डी अजय, एस विजय , ए मयंक भी पहुंच गए। आरोपी युवकों द्वारा गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। डी अजय ने विशेष सिंह को गालियां देते हुए मारपीट किया। तभी के. पाल ने बीच-बचाव करने पहुंचा तो सभी दोस्त वहां से निकलकर भिलाई क्लब जयंती स्टेडियम पहुंच गए। जहां केक काटने लगे। लेकिन कुछ देर बाद तीनों आरोपी भी फिर वहां पहुंच गए। आरोपियों ने पीड़ित को कहा कि अकेले-अकेले बर्थडे मना रहे हो। शराब पीने के लिए रकम का डिमांड करने लगे। जब पीड़ित ने रकम देने से मना किया तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।

### पीठ पर किया पहले हमला

एक आरोपी ने बीयर की बोतल तोड़कर के. पाल की पीठ पर वार कर दिया। जिससे उसे चोट आई और खून निकलने लगा। आरोपी वहां से फरार हो गए। पीड़ति ने घटना की जानकारी अपने पिता को दी और उनके साथ भिलाई नगर थाने पहुंचकर शिकायत किया। मामले में पुलिस ने डी अजय, एस विजय और ए मयंक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।




## खबर संक्षेप

### उप निर्वाचन हेतु जिला स्तरीय शिकायत सेल का गठन

**दुर्ग।** नगर पालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी उप निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली तैयार, पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रभावशील है। नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन होना प्रस्तावित है। आगामी निर्वाचन से संबंधित शिकायत पर त्वरित कार्यवाही के लिए जिला स्तरीय शिकायत सेल का गठन किया गया है। यह शिकायत सेल भू-अभिलेख कक्ष क्रमांक 21 में संचालित होगा। इसके संचालन हेतु विभिन्न अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी उनके पूर्व दायित्वों के साथ अतिरिक्त रूप से लगाई गई है। शिकायत सेल में अधीक्षक भू-अभिलेख सुश्री रेखा राजपूत मोबाइल नंबर 8359809792 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके साथ सहायक प्रभारी अजय मेरावी सहायक अधीक्षक 7987028422 जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा उज्जवला ध्रुव सहायक ग्रेड-02, सुश्री साधना वर्मा (कम्प्यूटर ऑपरेटर) तथा राहुल यादव भृत्य की ड्यूटी लगाई गई है, जो विभिन्न सहायक कार्यों का निर्वहन करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन के आदेशानुसार यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। शिकायत सेल में लगाए गए कर्मचारी प्रभारी अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्य संपादित करेंगे।

### पंचायती राज दिवस 24 को

**दुर्ग।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 24 अप्रैल को विशेष ग्राम सभा एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ, जो ग्राम पंचायतों में स्थानीय स्वशासन की सशक्त नींव का प्रतीक है। इसी के तहत 24 अप्रैल को सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है। विशेष ग्राम सभा के अंतर्गत ग्राम के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ एवं सम्मानित नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा।

# किराए पर संचालित दुकानों पर होगी कार्रवाई, सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

## महापौर अलका बाघमार ने महिला समृद्धि बाजार का किया निरीक्षण




गौरवपथ स्थित महिला समृद्धि बाजार का महापौर अलका बाघमार द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रभारी शेखर चन्द्राकर एवं निगम बाजार विभाग अमला मौजूद रहे। उन्होंने व्यापारियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। महापौर ने निरीक्षण के दौरान बाजार परिसर में व्याप्त स्वच्छता संबंधी खामियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बाजार में आने वाले ग्राहकों, विशेषकर महिलाओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। निरीक्षण के दौरान महापौर विभिन्न दुकानों में पहुंचीं और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि परिसर में कितनी दुकानों का आवंटन हुआ है तथा कितनी दुकानें किराए पर संचालित हो रही हैं। इस पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमों के विरुद्ध संचालित सभी दुकानों पर तत्काल कार्रवाई की जाए तथा संबंधित दुकान संचालकों को उसी दिन नोटिस जारी किया जाए।

### महिला सशक्तिकरण व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है उद्देश्य

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला समृद्धि बाजार की स्थापना की गई है। इस योजना का मूल उद्देश्य महिलाओं को व्यवसायिक अवसर उपलब्ध कराना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस उद्देश्य की पूर्ति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि बाजार की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि यह बाजार शहर की महिलाओं के लिए एक आदर्श व्यापारिक केंद्र के रूप में विकसित हो सके।

## दिनभर सुबह से शाम तक धूप व बदली की चलती रही आंखमिचौली

# आधी रात गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ी, पारा 2 डिग्री सेल्सियस आया नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

## लू से मिली ट्विनसिटी को राहत

पिछले पांच दिनों से ट्विनसिटी में चल रही गर्म हवाओं से मंगलवार को राहत मिली। सोमवार की रात करीब 12 बजे अचानक बादल गरजे और गरज-चमक के साथ बौछारें भी हुई। मौसम के इस व्यापक बदलाव से ट्विनसिटी में पारा 2 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। मंगलवार सुबह से ही बदली की स्थिति रही। दिनभर आसमान पर बदली और फिर बीच-बीच में धूप निकलने का दौर चलता रहा। जिसकी वजह से ट्विनसिटी के रहवासियों को भीषण गर्मी से छुटकारा मिला। मौसम विभाग ने बुधवार को अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। यानी फिर से लू जैसे हालात बन सकते हैं।

सोमवार को ट्विनसिटी का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस चला गया था। मंगलवार को यह 41.8 डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। इस तरह करीब दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि यह सामान्य से 1.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम तापमान भी 26. 4 डिग्री सेल्सियस रहा है जो सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा है। मौसम विभाग के हिसाब से 22 अप्रैल को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।



### इस तरह है मौसम का सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस और बिलासपुर में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस अंबिकापुर में दर्ज किया गया है। उत्तरी छत्तीसगढ़ और आसपास के इलाकों में समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर एक चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। उत्तरी छत्तीसगढ़ के चक्रवाती परिसंचरण से लेकर तेलंगाना, आंतरिक कर्नाटक और तमिलनाडु होते हुए कोमोरन क्षेत्र तक समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर ऊपर एक द्रोणिका बनी हुई है।

### आज रहेगा मौसम शुष्क

मौसम विभाग के मुताबिक 22 अप्रैल को दुर्ग सहित प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। एक-दो पॉकेट में ग्रीष्मलहर चलने व एक या दो स्थानों पर उष्ण रात्रि होने की संभावना है।

### ऐसा होता है गर्मी में मौसम का पैटर्न

मौसम विशेषज्ञ हरिप्रसाद चंद्रा का कहना है कि वैश्विक स्तर पर अलनीनो और ला-नीना का प्रभाव मौसम तीन से पांच साल के अंतराल में बदलता रहता है। इस बार ला-नीना सक्रिय रहा, जिसका असर पिछले मानसून और सर्दी दोनों में देखने को मिला। ला-नीना के प्रभाव के चलते जून से अक्टूबर तक बारिश सामान्य और समय-समय पर होती रही। वहीं सर्दियों में भी अच्छी ठंड दर्ज की गई। अब यही पैटर्न गर्मी के मौसम में भी राहत देने वाला साबित हो सकता है। मौसम विभाग का मानना है कि अप्रैल और मई में गर्मी तो पड़ेगी, लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों की तरह झुलसाने वाली नहीं होगी।



# 'महिला आरक्षण के मुद्दे पर भाजपा कर रही गुमराह'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- जिला कांग्रेस ने प्रेसवार्ता में लगाए आरोप

महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर दुर्ग में कांग्रेस ने भाजपा के कथनी और करनी पर जमकर सवाल उठाए। कांग्रेस का कहना था कि हम महिला आरक्षण के समर्थक थे, है और रहेंगे, लेकिन भाजपा 131वें संविधान संशोधन में महिला आरक्षण के आड़ में परिसीमन संशोधन बिल और केन्द्र शासित प्रदेश कानून बिल को पारित करवाना चाहती थी। इसलिए विपक्ष ने एकजुट होकर सदन में लाए गए बिल को धराशायी कर भाजपा को बेनकाब कर दिया है। वास्तविकता यह है कि महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) संविधान के 106 वें संशोधन 2023 में संसद के दोनो सदनों में पारित हो चुका है। अगर भाजपा महिलाओं को आरक्षण देना चाहती है, तो 2023 के बिल को लागू कर संसद के वर्तमान सदस्यों की संख्या के आधार पर महिला सदस्यों को क्यों आरक्षण नही दे रही है। कांग्रेस ने स्पष्ट कहा है कि महिला आरक्षण बिल के मुद्दे पर भाजपा झूठ बोलकर जनता में भ्रम फैला रही है, लेकिन जनता भाजपा के कथनी और करनी को बेहतर समझती है। अब जनता गुमराह होने वाली नहीं है। कांग्रेस का महिला आरक्षण के मुद्दे पर सड़क से सदन तक की लड़ाई आगे भी जारी रहेगा। आयोजित प्रेस वार्ता ने यह बातें दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, दुर्ग जिला कांग्रेस अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, भिलाई जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, भिलाई निगम एमआईसी सदस्य नेहा साहू, दुर्ग जिला पंचायत की पूर्व सदस्य योगिता चंद्राकर ने सोमवार को स्थानीय राजीव भवन (कांग्रेस भवन) में कही। इस दौरान पूर्व महापौर आरएन वर्मा, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव अय्यूब खान, दुर्ग कांग्रेस संगठन मंत्री रायसिंह ढिकोला, जिला कांग्रेस प्रवक्ता नासिर खोखर, जिला कांग्रेस कार्यालय प्रभारी मोहित वाल्दे,दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी महामंत्री पालेश्वर ठाकुर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, दुर्ग जिला कांग्रेस महामंत्री गौरव उमरे, भिलाई कांग्रेस सदस्य विभा शर्मा, पूर्व पार्षद जमुना साहू, कन्या ढीमर भी मौजूद रहे। दुर्ग जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा है कि सत्तारूढ़ दल देश में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से महिला आरक्षण के पक्ष में रही है और आज भी उसका समर्थन करती है।

### वार्ड में फैली गंदगी

**भिलाई।** स्टेशन मरौदा के वार्ड में गंदगी का आलम है। मोतीलाल ठेकेदार घर के पास काफी दिनों से कचरा डंप है। सफाई नहीं हो रही है।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट, ग्राहकों का मिल रहा प्रतिसाद




**भिलाई।** इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64b, प्रिया सिंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम (रेड एंड व्हाइट कलर) के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट मिल रही है। यहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना लेंगे उतना ग्राम चांदी फ्री और शादी के गहनो की शॉपिंग पर विशेष डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग दिया जाएगा। ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी जी ने ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए उनको धन्यवाद दिया है। उन्होंने बताया कि उनकी शॉप में हॉलमार्क गहने जिसमें 6 अंकों का huid कोड वाले जेवर उपलब्ध हैं। इन गहनों की वापसी पर कोई भी काट छाट नहीं होती। इतना ही नहीं हां सबसे कम मेकिंग चार्ज लिया जाता है। यहां हर फैमिली के लिए उनके बजट के अनुरूप गहने उपलब्ध हैं। यहां सोने का हार चोकर नेकलेस, से लेकर सोने की अंगूठी, झुमका ऐयरिंग डबल कुंडा फैंसी लॉकेट मंगलसूत्र टॉप्स जैसी हर वजन की वरायटी उपलब्ध है। यहां पायलों की विस्तृत रेंज, करधन, बैंगल्स, हाथफूल, बिछिया व चैन लॉकेट की काफी बड़ी रेंज उपलब्ध है।

### वित्तीय साक्षरता और कल्याण को बढ़ावा देने गूगल मीट का आयोजन



**भिलाई।** फायर सेफ्टी एंड डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट निजी प्रशिक्षण केंद्र भिलाई के सहयोग से ऑनलाइन गूगल मीट का आयोजन किया गया। सभी प्रतिभागियों के बीच वित्तीय साक्षरता और कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया गया था। संस्था के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी और मनोज ठाकरे ने बताया कि इसका आयोजन नोवाइज लर्निंग एकेडमी द्वारा नम्रता अरोरा, निर्देशक नोवाइज लर्निंग अकादमी ने सभी सहभागियों को अच्छी जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में संस्था फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट के छात्र-छात्राएं, नगर सेना, अग्निशमन विभाग जिला दुर्ग, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के जवान भी इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम के उपरांत सभी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र का वितरण भी किया गया।

## महापौर ने भरा गणना पत्रक जनगणना से जुड़ने का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- 1 मई से घर पहुंचेंगे प्रगणक, स्व-गणना को बढ़ावा

**दुर्ग।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना की प्रक्रिया 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचालित की जा रही है। इस प्रक्रिया के तहत नगर निगम दुर्ग की प्रथम नागरिक महापौर अलका बाघमार द्वारा मंगलवार सुबह अपने परिवार की स्व-गणना कर नागरिकों को प्रेरित किया गया। जिला अवसंरचना समन्वयक अमित कुमार ताम्रकार ने बताया कि नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना की व्यवस्था आधिकारिक पोर्टल पर 16 से 30 अप्रैल तक उपलब्ध है। इस पोर्टल के माध्यम से नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया सरल, तेज एवं पारदर्शी बनेगी।

उन्होंने बताया कि पोर्टल में आसान भाषा में प्रश्न दिए गए हैं, जिन्हें मोबाइल, कंप्यूटर या लैपटॉप के माध्यम से भरकर नागरिक स्व-गणना आईडी प्राप्त कर सकते हैं।इससे जनगणना की प्रक्रिया को गति मिलेगी और समय पर कार्य पूर्ण हो सकेगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने जानकारी दी कि स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात 1 मई से 31 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर सत्यापन करेंगे तथा जनगणना के कार्य को अंतिम रूप देंगे। नगर निगम दुर्ग द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्व-गणना प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं और देश के इस महत्वपूर्ण कार्य को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## बारिश पूर्व सफाई अभियान हुआ तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वार्ड 51 साहू होटल के पास, धनोरा रोड, बोरसी में नाली की सफाई की गई है। इसके अ ला वा समस्त वार्डों में नालियों की नियमित सफाई की जा रही है। वर्षा ऋतु से पूर्व सभी बड़े नालों एवं नालियों की सफाई का कार्य प्रतिवर्ष वृहद स्तर पर किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष भी कार्ययोजना बनाकर सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। साथ ही नहर सफाई का कार्य भी लगातार जारी है।

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शहर में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए समय रहते सभी नालों एवं नालियों की सफाई कराई जा रही है। मानसून के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और नियमित मॉनिटरिंग की जाए। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि वे नालियों में कचरा न डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

# जैविक खाद के उपयोग और मिलेट्स फसलों की पैदावारी को दें बढ़ावा : राठौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने कहा कि संभाग अंतर्गत फसलों की पैदावारी बढ़ाने हेतु जैविक खाद के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए। इसी प्रकार मिलेट्स फसलों जैसे ज्वार, बाजरा, रागी आदि की पैदावारी के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर इनके प्रोसेसिंग एवं मार्केटिंग पर भी कृषि विभाग द्वारा आवश्यक पहल की जाए। बालोद स्थित मां दंतेश्वरी मैया सहकारी शक्कर कारखाने में गन्ने की आपूर्ति हेतु गन्ने के फसल की पैदावारी हेतु दुर्ग जिले के किसानों को भी अनुदान राशि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

संभाग मुख्यालय दुर्ग स्थित कृषि विभाग के प्रशिक्षण केन्द्र भवन का सदुपयोग हेतु कृषकों का प्रशिक्षण एवं भ्रमण आदि होते रहना चाहिए। उक्त भवन अन्य विभागों के प्रशिक्षण हेतु भी निर्धारित दर पर उपलब्ध कराई जाए। संभाग आयुक्त राठौर संभागीय कार्यालय के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक कृषि को उक्त निर्देश दिए। शासन द्वारा 20 अप्रैल से 15 जून तक स्कूलों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है। संभाग अंतर्गत सभी शासकीय-अशासकीय स्कूलों में आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संयुक्त संचालक शिक्षा को निर्देशित किया कि बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैम्प आदि का आयोजन स्कूल प्रबंधन द्वारा नहीं कराये जाए।

### सुशासन तिहार के लिए तैयारी,

संभाग आयुक्त श्री राठौर ने सभी संभागीय अधिकारियों को सुशासन तिहार हेतु विभागीय तैयारियां करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यालयों के चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों हेतु ड्रेस कोड पर जोर देते हुए अधिकारियों को गंभीरता से ध्यान देने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने शासकीय सीसीएम कॉलेज कचांदुर में पीडब्ल्यूडी एवं विद्युत यांत्रिकी द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की जानकारी ली एवं अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त राजस्व पदुमलाल यादव और उपायुक्त विकास संतोष ठाकुर आदि मौजूद थे।

### घर में छिपाकर रखा था शराब, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** अवैध रूप से घर में छिपाकर रखी गई मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब को बरामद कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 20 अप्रैल को मुखबीर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि ममता नगर निवासी लोकेश कुमार सिन्हा अपने घर में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब डंप कर रखा है और उसे खपाने की तैयारी में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते थाना सिटी कोतवाली की टीम ने गवाहों के साथ ममता नगर स्थित आरोपी के निवास पर दबिश दी।

### मंडी बोर्ड उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य कृषि विपणन मंडी बोर्ड के अंतर्गत उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 का आयोजन 26 अप्रैल को किया जा रहा है।

परीक्षा में कुल 38,937 अभ्यर्थी शामिल होंगे, जिसके लिए दुर्ग जिले में 123 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का समय प्रातः 10 से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थियों की सुविधा और सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारी द्वारा विशेष निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत परीक्षार्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने केंद्र का अवलोकन करने की सलाह दी गई है। परीक्षा दिवस पर अभ्यर्थियों को कम से कम 2 घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य है ताकि उनके फोटो युक्त मूल पहचान पत्र का सत्यापन और सुरक्षा जांच की जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार प्रातः 9:30 बजे बंद कर दिया जाएगा, जिसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।



# आधुनिक खेती के संग एग्रो टूरिज्म का अनोखा संगम बना जिले का प्रेरणादायक मॉडल

## कृषि पत्रकारिता एवं व्यवहार कौशल के तहत शैक्षणिक भ्रमण में ली मूलभूत जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम गोढ़ी में एग्रो टूरिज्म और आधुनिक खेती का एक अनोखा एवं प्रेरणादायक मॉडल विकसित हुआ है, जो ग्रामीण विकास की नई दिशा तय कर रहा है। यहां कृषि और पर्यटन का ऐसा समन्वय देखने को मिलता है, जो किसानों के लिए आय के नए स्रोत और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित कर रहा है।

छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय, धनोरा के अंतिम वर्ष के छात्र पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने "कृषि पत्रकारिता एवं व्यवहार कौशल" विषय के प्रायोगिक अध्ययन के अंतर्गत इस फार्म का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने फार्म संचालक प्रगतिशील किसान हितेश वरू से मुलाकात कर आधुनिक खेती की तकनीकों और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। हितेश वरू ने बताया कि उन्होंने अपनी खेती की शुरुआत मात्र 5 एकड़ भूमि से की थी। निरंतर मेहनत, नवाचार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से आज उनका फार्म लगभग 150 एकड़ तक विस्तारित हो चुका है, जो उनकी दूरदर्शिता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस एग्रो टूरिज्म केंद्र में पर्यटकों के लिए मड बाथ (मृदा स्नान), ट्रैक्टर राइड, वाटर पार्क, स्विमिंग पूल एवं विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों जैसी आकर्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही, आगंतुकों को सब्जी तुड़ाई एवं खेती के कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव भी कराया जाता है, जिससे वे ग्रामीण जीवन और कृषि प्रणाली को नजदीक से समझ पाते



हैं। फार्म में मौसमी सब्जियों के साथ-साथ अमरूद का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा रहा है, जो किसानों के लिए आय का एक मजबूत स्रोत बनकर उभरा है।

इस मॉडल के माध्यम से न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। शहरों से आने वाले लोग यहां प्राकृतिक वातावरण में समय बिताने के साथ-साथ खेती और ग्रामीण जीवन से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए यह स्थान एक "एजुकेशनल हब" के रूप में विकसित हो रहा है, जहां वे प्रकृति, खेती और ग्रामीण संस्कृति का व्यावहारिक ज्ञान हासिल कर रहे हैं।



यह पहल आधुनिक कृषि और पर्यटन के सफल समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आने वाले समय में अन्य किसानों और उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।

---

## खबर संक्षेप

### मकान से जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया क लक्ष्मी नगर गली 3 मोहल्ला दुर्ग निवासी प्रकाश सोनी 19 अप्रैल की शाम परिवार समेत ससुराल खुर्सीपार गये थे। दूसरे दिन लौटने पर दरवाजा टूटा मिला।

## निधन

### अरविंद चतुर्वेदी



**भिलाई।** बीएसपी के सेवानिवृत मुख्य महाप्रबंधक (मार्केटिंग) अरविंद चतुर्वेदी का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 अप्रैल को कल्पकृति परिसर, रिसाली स्थित निवास से निकलेगी और सुबह 11 बजे रिसाली मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे पत्नी ममता चतुर्वेदी, पुत्रद्वय प्रशांत चतुर्वेदी (बिन्नी) एवम निशांत चतुर्वेदी (चिक्की) सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### प्रेमा राउत



**दुर्ग।** कसारीडीह सड़क-1 निवासी प्रेमा राउत (81 वर्ष) का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 22 अप्रैल को उनके गृहग्राम पालघर जिला मुंबई में किया जाएगा। वे स्व. सदानंद राउत की पत्नी, अंडा पुलिस थाना में पदस्थ एएसआई दिलीप राउत और गिरधारी राउत बबलु की मां थी।

---

## रोष : पंजीकृत किसानों को हो रही परेशानी, सौंपा ज्ञापन

# उपार्जन केंद्र में 20 दिन बाद भी नहीं हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

विकासखण्ड में दलहन,तिलहन खरीदी के लिए पाटन सोसायटी को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। खरीदी 1 अप्रैल से प्रारंभ भी कर दी गई लेकिन आज 20 दिन बीतने के बावजूद यहां खरीदी नहीं हुई है। इसके चलते पंजीकृत किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

किसानों की मांग है कि यहां नियमित रूप से खरीदी की जाए। इस संबंध में किसानों एवं कांग्रेस पार्टी ने अनुविभागीय अधिकारी लवकेश ध्रुव को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण करने की गुहार लगाई है। इन लोगों ने चेतावनी दी है कि जल्द निराकरण नहीं हुआ तो किसान एवं कांग्रेस पार्टी उपार्जन केन्द्र स्थल में



धरना प्रदर्शन कर शासन प्रशासन के खिलाफ आंदोलन प्रदर्शन के लिए बाध्य हो जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि खरीफ फसल में किसानों को खाद एवं बीज अग्रिम देय प्रतिवर्ष होते आ रहा था।लेकिन इस वर्ष शासन एवं प्रशासन के द्वारा यह व्यवस्था में विलंब किया जा रहा है। व्यवस्था ठीक से नहीं होने से किसानों को खरीफ फसल की तैयारी में निश्चित ही विलंब एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन सौपने के दौरान अशोक साहू पूर्व उपाध्यक्ष,विधायक प्रतिनिधि ज़िप दुर्ग,देवेंद्र चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य,दिनेश साहू जनपद सदस्य,देवकुमार निषाद उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,महेंद्र वर्मा उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस,गोपाल देवांगन मंडल अध्यक्ष, सोहन जोशी,भूपेंद्र बघेल,कपूर साहू, युगलकिशोर आडील राज प्रधान,कमलेश नेताम, नीरज सोनी,मनोज कुर्रे,नरेंद्र साहू, दुजराम साहू, फुलेश्वर साहू,अरुण साहू, दिनेश शर्मा और बंशी कुंभकार आदि उपस्थित थे।

---



# टीकाकरण सहित सभी राष्ट्रीय कार्यक्रम समय पर पूरा करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले के स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने चरोदा भिलाई-3 के स्वास्थ्य अमले की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की गहन समीक्षा की।

इस दौरान वर्ष 2026-27 मे लक्ष्यों के अनुरूप गुणवत्ता ओर मानक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं जन मानस तक उपलब्ध कराने निर्देश दिए गए। इस दौरान मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम,शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम, मिजिल्स रूबैला उन्मूलन अभियान, भारत मुक्त टी बी अभियान 2.0 , राष्ट्रीय टीकाकरण अभियान, राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम संस्था गत प्रसव ओर शिशु दर कम करने और माता मृत्यु दर में कमी लाने पर चर्चा की गई। इन राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों को लेकर जानकारी दी गई कि चरोदा भिलाई 3 अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजिका व स्वास्थ्य संयोजक एवं एएनएम और एम पी डब्लू डाटा हेल्डर जे एस ए के साथ उनके संस्थानों में प्राप्त लक्ष्य अनुसार किया गया।

बीईटीओ सैय्यद असलम ने बतलाया कि दिसंबर 2026 तक मिजिल्स रूबैला उन्मूलन अभियान के लिए 10 वर्ष तक की आयु में छूटे हुए हितग्राहियों को खसरा टीका लगाया जाएगा। इसके लिए प्रथम 9 माह का खसरा टीका और डेढ़ वर्ष का एम आर सेकंड डोज शत प्रतिशत को लगाया जाएगा। जहां तीन वर्षों के अंदर मिजिल्स आउट

■ विभागीय बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा

ब्रेक हुआ हो ऐसे हाई रिस्क एरिया और घनी आबादी वाले क्षेत्रों में जहां खसरा का टीकाकरण से लोग वंचित हो गए हो, वहां विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव गलेड ने आधार बेस्ड उपस्थिति इन-आउट दोनों समय लगाने, वयवंदन कार्ड बनाने और सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में आपसी समन्वय स्थापित कर लक्ष्यों को प्राप्त करने निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम प्रबंधक डा भूमिका वर्मा ने एन सी डी अंतर्गत नवीन समूहों को स्क्रीनिंग करने, पुराने केसेस का फॉलोअप करने और बाल मधुमेह रोगियों की सूची तैयार कर विभाग की योजनाएं समझने निर्देश दिए। वहीं उन्होंने शासकीय अस्पतालों में छोड़कर निजी अस्पताल मे प्रसव कराए जाने पर सख्त नाराजगी जताई।

---

## ग्रामीण अंचल में निभाई अक्षय तृतीया की परंपरा

### अक्षय तृतीया पर बैलगाड़ी में निकली बारात, हुआ पुतरी- पुतरा विवाह



**अंजोरा।** महावीर चौक ग्राम चिंगरी में अक्षय तृतीया के अवसर पर पुतरी- पुतरा विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में गांव के महिला, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चों ने मिलकर विवाह की रस्मों को पूरा किया। गड़ुवा बाजा के साथ,बैल गाड़ी में बारात निकाल कर विवाह का मजा लिया गया। यह आयोजन अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर आयोजित किया गया, जो कि हिंदू धर्म में एक महत्वपूर्ण तिथि है।इस पावन अवसर पर, बच्चों ने अपने खिलौनों (पूतरा-पुतरी) का विवाह रचाया, जिसमें उन्होंने पूरी रीति-रिवाजों के साथ हल्दी-कुमकुम लगाकर, उन्हें नए वस्त्र पहनाकर और मंगल गीत गाकर वैवाहिक अनुष्ठान संपन्न किए। इस समारोह में भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की गई, और मान्यता है कि इस दिन किए गए दान-पुण्य और पूजन का फल अक्षय होता है। इस पावन अवसर को संपन्न करने में चांदनी देशमुख,कांति साहू,कुंज बाई देशमुख,अनुशूया यादव,कुमारी देशमुख,कीर्ति यादव,सुनीता देशमुख,मिथलेश साहू,उमा बाई साहू,भीगी यादव,गरिमा साहू,राजकुमार साहू, रूपराम साहू,देवान देशमुख,सेवक राम साहू,एवम अन्य ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा।

### अक्षय तृतीया पर पाटन ब्लॉक में दिखा उत्साह

**पाटन।** पाटन ब्लॉक में अक्षय तृतीया का पर्व पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस



अवसर पर किसानों ने अच्छी फसल और समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार कई लोगों ने नए घड़े में पानी भरकर दान भी किया, जिसे शुभ माना जाता है। उत्तर पाटन क्षेत्र के गांवों में विशेष रौनक देखने को मिली। बच्चों ने भी इस पर्व को अपने अनोखे अंदाज में मनाते हुए गुड्डा-गुड़ियों का विवाह रचाया। विवाह की सभी पारंपरिक रस्में निभाई गईं, जिससे माहौल और भी आनंदमय हो गया। इस कार्यक्रम में शरण्या, मोक्षदा, अदविक, हृदयांश, शिवांश, दिविजा और आद्या सहित अन्य बच्चे उत्साहपूर्वक शामिल हुए। पूरे क्षेत्र में पर्व को लेकर खुशी और उल्लास का वातावरण बना रहा।

---

## पहली बार ऐसा किया गया, पीपी यार्ड भिलाई, कैरिज एंड वैगन डिपो एक्सचेंज यार्ड को आईएसओ

# रेलवे ने पहली बार शुरू की एआई ड्रोन से ओवरहेड उपकरण की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दक्षिण पूर्वध्य रेलवे ने तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में रायपुर मंडल भारतीय रेल में पहली बार एआई-सक्षम ड्रोन से ओवरहेड उपकरण (ओएचई) की निगरानी शुरू की है। यह अत्याधुनिक प्रणाली हाई वोल्टेज तारों का सुरक्षित और सटीक निरीक्षण कर खामियों की पहचान करती है। जिससे कर्मचारियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। रेलवे ने 143 नए विद्युत लोकोमोटिव का सफल कमीशनिंग किया गया। जिनमें 74 इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई, 69 इलेक्ट्रिक लोको शेड बिलासपुर इसमें शामिल हैं। अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि है। कुल लोकोमोटिव बेड़े की संख्या 721 से बढ़कर 805 हो गई, जो 11.65 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। मालगाड़ियों के लिए औसत मासिक लोको उपलब्धता 665.02 रही, जो रेलवे बोर्ड के निर्धारित लक्ष्य 651 से अधिक है। हरित ऊर्जा को बढ़ावा देते



हुए प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत 2,263.625 किलोवाट पीक क्षमता के सौर संयंत्र की स्थापना कर चालू किए गए। जिससे रेलवे परिसंपत्तियों को स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध कराई जा रही है। कार्बन उत्सर्जन में कमी लाई जा रही है। विद्युत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए 211.45 ट्रैक किलोमीटर निक्को संपर्क तार,173.44 ट्रैक किलोमीटर एल्युमिनियम कैटेनरी तार का प्रतिस्थापना किया।

### 44 नए ऑटो-ट्रांसफॉर्मर भी स्थापित

सिग्नलिंग की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए 44 नए ऑटो-ट्रांसफॉर्मर भी स्थापित किया गया। विद्युत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए 211.45 ट्रैक किलोमीटर निक्को संपर्क तार और 173.44 ट्रैक किलोमीटर एल्युमिनियम कैटेनरी तार का प्रतिस्थापना किया। पर्यावरणीय के तहत पीपी यार्ड भिलाई,कैरिज एंड वैगन डिपो एक्सचेंज यार्ड भिलाई,कैरिज एंड वैगन डिपो डब्ल्यूआरसी बीएमवाई को आईएसओ 14001:2015 पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली प्रमाणन मिला है। जो विभाग की गुणवत्ता पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---

# किसानों ने गांव के ठाकुर देव में पलास के पत्तों का दोना बनाकर धान को किया समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

ग्राम आलबरस में सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख सहित ग्रामीणों ने मिलकर गांव के विराजित देवी देवताओं को संरक्षित करने बेहतर पहल करते चौड़ी बनाकर विराजित किया है।

■ गांव के विराजित देवी देवताओं को संरक्षित करने बेहतर पहल

वहीं सोमवार को पूरे गांव में अक्ती तिहार यानी अक्षय तृतीया पर्व पर सेवा धुन बाजे गाजे पर नीम छांव में विराजित ग्राम के ठाकुर देव में घोड़ा विराजित कर पूजा अर्चना की गई। परम्परा अनुसार सभी किसानो ने भी गांव के ठाकुर देव में परसा (पलास) के पत्तों का दोना बनाकर धान को ठाकुर देव को



अर्पित किया। साथ ही अच्छी फसल की कामना करते हुए पांच कुंवारे बच्चों को बैल व किसान बनकर हल चलाया। ग्राम बैगा नंदू ठाकुर ने बताया पूर्वजों से परंपरा व संस्कृति को विधिवत निभाते कि अच्छी फसल के लिए सभी किसान ग्राम के शीतला माई और ठाकुर देव में धान के बीज का छिड़काव किया और पूजा के बाद उसी धान को किसानों को बांटा, जिसे खेतों में छिड़का गया। गौरतलब है कि अक्षय तृतीया से किसानी का काम शुरू हो जाता है, सरपंच सैनिक भुवन लाल देशमुख सहित के ग्रामीणों ने पखरा देवता को उठाया। तांदुला के छोर पर बसे आलबरस में गांव में लगभग 1400एकड़ में खेती किसानी करते है। सभी ने मिलकर गांव में अच्छी फसल, सुख समृद्धि,एकता की कामना कर धान को लेकर जाकर खेतों में सींचा वही प्रसाद ग्रहण किया। वही बच्चो ने गांव में पुतला पुतली का विवाह कर बाल विवाह दहेज प्रथा रोकने संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम के गैंदू ठाकुर, रोशन देशमुख, भीखम देशमुख, भाऊ देशमुख, तेजराम धनकर, नीलकंठ धनकर, खिलावन चंदेल, प्रताप यादव, अशोक हरमुख, सोमनाथ देशमुख, तामेश्वर देशमुख, घनश्याम साहू, गिरीश धनकर, अलख यादव, कोमल देशमुख, विश्वनाथ धीवर,शालिक चंदेल, झाड़ू निषाद रहे।

---

### भाजपा सरकार का डबल इंजन फेल : चन्द्राकर



**अंडा।** दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री व पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर ने कहा की सरकार बनते ही 100 दिन के भीतर 500 रु. में रसोई गैस प्रदान करने की बात कहने वालों के राज में आज जनता महंगाई व गैस की किल्लत जैसे संकटों का सामना कर रहे हैं। एक तरफ भाजपा की साय सरकार प्रदेश में पर्याप्त एलपीजी की उपलब्धता का दावा कर रही है, वहीं, दूसरी ओर पूरा प्रदेश रसोई गैस के लिए कतारबद्ध हैं। दुर्ग जिले सहित पूरे प्रदेश में गैस की भारी किल्लत शुरू हो गई है। आम आदमी परेशान हो रहा है। गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी कतारें लगी हुई है। उन्होंने कहा कि गैस कंपनियों में सर्वर का बहाना बनाकर बुकिंग लेना बंद कर दिया गया है। जनता की परेशानी से सरकार को कोई सरोकार नहीं है। सरकार अपनी बचाव के लिए प्रशासन को सामने खड़े कर दिये हैं। प्रशासन की ओर से आए दिन अखबारों में विज्ञप्ति जारी करवाया जा रहा है कि जिले में गैस की आपूर्ति सामान्य है, जबकि, जमीनी हकीकत इससे अलग है।

---

## स्वर्गीय बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में बैठक

# चुनौतियां विकास प्रक्रिया का अभिन्न अंग- डॉ. सोनिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

स्वर्गीय बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी के तत्वावधान में हितधारकों की बैठक का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना उपरांत आईक्यूएसी समन्वयक श्वेता दवे ने एजेंडा प्रस्तुत किया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास की अनिवार्यता पर बल देते हुए विद्यार्थियों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि चुनौतियां विकास प्रक्रिया का अभिन्न अंग हैं, जिन्हें सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ अवसर में परिवर्तित करना आवश्यक है। सहायक संचालक, उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ और आईक्यूएसी के बाह्य सदस्य डॉ. गोवर्धन यदु ने महाविद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सीमित




संसाधनों के बावजूद संस्थान द्वारा गुणवत्ता उन्नयन के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता को परिभाषित करना कठिन है, किंतु उसके प्रभाव को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

उन्होंने संस्थान में एसडब्ल्यूओटी विश्लेषण स्ट्रेंथ्स, वीकनेसिस, ऑपर्च्युनिटीज़ और थ्रेट्स की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि इससे संस्थान की वास्तविक स्थिति का आकलन कर प्रभावी कार्ययोजना बनाई जा सकती है।

आईक्यूएसी सदस्य और अध्यक्ष, नगर पालिका कुम्हारी मीना वर्मा ने महाविद्यालय द्वारा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण व संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए छात्राओं व शिक्षकों को बधाई दी।

आईक्यूएसी सदस्य, सिद्धाचलम लैबोरेट्री की प्रमुख भावना जैन ने विद्यार्थियों को पारंपरिक नौकरी के स्थान पर कौशल आधारित शिक्षा अपनाने के लिए प्रेरित किया। आईक्यूएसी सदस्य अधिवक्ता आकाश सोनी ने विद्यार्थियों को विधि क्षेत्र में करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन प्रदान करते हुए निरंतर परिश्रम एवं कर्मनिष्ठा के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर पूर्व छात्र प्रतिनिधि ऋतु कमलेशिया और किरण चंद्राकर तथा छात्र प्रतिनिधि साहिल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान आईक्यूएसी की पत्रिका गुणवत्ता दर्पण के तृतीय अंक का विमोचन के साथ ही अतिथियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

### महिला आरक्षण पर सरकार की नियत साफ नहीं : रश्मि



**पाटन।** केंद्र में महिला आरक्षण से जुड़े संशोधन विधेयक को लेकर भारतीय संसद में हुए घटनाक्रम पर पाटन जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं के नाम पर संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने का प्रयास कर रही थी, जिसे विपक्ष के सशक्त विरोध ने विफल कर दिया।वर्मा ने कहा कि संसद में जो घटनाक्रम हुआ, उसने देश के सामने सच्चाई उजागर कर दी है। उनके अनुसार महिला आरक्षण पर मोदी सरकार की नियत साफ नहीं है। अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि व पूर्व उपाध्यक्ष जिपं.दुर्ग ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित व्यवस्था में अन्य पिछड़ा वर्ग,अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अधिकारों की अनदेखी की जा रही थी,जो संविधान की मूल भावना के विपरीत है।

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी वाहन चालको पर हुई कार्रवाई



**भिलाई।** सड़क पर चल रहे नशेड़ी किस्म के वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई किया जा रहा है। ब्रेथ एनालाइजर जांच में शराब सेवन की पुष्टि होने पर वाहन भी जप्त कर न्यायालयीन कार्रवाई की जा रही है। कार एवं लग्जरी वाहन चालकों की सघन जांच कर 10 चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाी की गई। सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिले के प्रमुख मार्गों एवं संवेदनशील स्थलों पर लगातार विशेष चेकिंग अभियान चल रहा है। देर शाम से रात तक जिले के प्रमुख मार्गों, ब्लैक स्पॉट, ग्रे स्पॉट क्षेत्रों में विशेष शराब चेकिंग अभियान संचालित किया गया। संदिग्ध वाहनों को रोककर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच की गई। जांच के दौरान एक मालवाहक वाहन, जिसमें शासकीय शराब का परिवहन किया जा रहा था। चालक को शराब सेवन की स्थिति में वाहन चलाते पाया गया। उक्त कृत्य गंभीर लापरवाही पाए जाने पर तत्काल वाहन जप्त कर न्यायालयीन कार्रवाी की गई। ट्रैफिक पुलिस द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार के वाहन चालक, चाहे वह निजी, व्यावसायिक, शासकीय कार्य में संलग्न हो, नियमों का उल्लंघन करने पर उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### राइस मिल में लगी आग मशक्कत के बाद काबू

**भिलाई।** श्रद्धा राइस मिल में रखे बारदानों में अचानक आग लगने से सनसनी फैल गई। सूचना पर दमकल कर्मी पहुंचे और आग को मशक्कत के बाद काबू किया। मिली जानकारी के मुताबिक जेवरा सिरसा में स्थित है उर्त राइस मिल। आग बुझाने दो दमकल टीम को मौके पर पहुंची थी। राइस मिल में रखे बारदानों पर से आग की लपटें निकल रहा था। आगजनी का कारण अज्ञात है। आग बुझाने सह. स्टेशन फायर प्रभारी संतोष पाण्डेय, अग्निशमन दल प्रभारी धन्नु यादव, भगवती बंजारे ,अग्निशमन कर्मी शैलेन्द्र, कुंजेश, कुलेश, नितिन उमाशंकर, योगेश, संतोष, नरोत्तम टंडन मौजूद थे।

# हाईकोर्ट से आदेश के बाद भी नहीं हटा हरिनगर में एप्रोच रोड पर अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड 59 हरिनगर कातुलबोर्ड दुर्ग के निवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने सांसद विजय बघेल से मिलकर वार्ड में एप्रोच रोड को जोड़ने और यहां अतिक्रमण हटाने की मांग की। सांसद ने कलेक्टर को निर्देश देने का आश्वासन क्षेत्रवासियों को दिया है।

प्रतिनिधि मंडल ने सांसद श्री बघेल को बताया कि वार्ड 59 हरि नगर कातुल बोर्ड में वर्षों से हेरिटेज स्कूल के पास से निर्माणाधीन सर्विस रोड तक हेरिटेज स्कूल के गेट नंबर 2 के सामने से सर्विस रोड तक एप्रोच रोड को जोड़ने की मांग करते आ रहे हैं। दो बार कलेक्टर जनदर्शन व क्षेत्रीय विधायक शहरी, दुर्ग एसडीएम, दुर्ग नगर निगम महापौर, आयुक्त दुर्ग, को अपनी मांगों से अवगत करा चुके हैं लेकिन आश्वासन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मांग को लेकर वार्डवासियों द्वारा एक सप्ताह तक जमीन पर धरना प्रदर्शन किया था। इस जमीन खसरा नंबर 3/40 जिस पर रोड निर्माण होना है यह जमीन कोटवार को आवंटित भूमि है, जिसको नेहरू नगर निवासी द्वारा कोटवार से खरीदी है। कब्जा हटाने छग हाई कोर्ट ने इस खरीदी बिक्री को अवैध ठहराते हुए आदेश दिया कि कोटवार की अपनी सेवा भूमि को यदि बेच देते हैं तो जिला प्रशासन उस बिक्री को रद्द कर जमीन वापस ले लेता है। कोटवार को सेवा से बर्खास्त भी कर सकता है एवं कब्जा धारक को नोटिस दिया जाता है अवैध रजिस्ट्री और नामांतरण रद्द किए जाते हैं । जमीन को वापस सेवा भूमि के रूप में दर्ज किया जाता है। छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता की धारा 158 , 320 के तहत कार्रवाई करते हुए खरीदी बिक्री जमीन के दस्तावेज लेकर शून्य घोषित किया है।

## वार्डवासियों ने सांसद बघेल से की कब्जा हटाने की गुहार



### कार्रवाई के लिए कलेक्टर को किया निर्देशित

हाईकोर्ट ने खरीददारों को नोटिस जारी करते हुए यह जमीन खाली करने का आदेश दिया है। यह आदेश वर्ष 2016 से लागू है लेकिन नेहरू नगर निवासी को नायब तहसीलदार दुर्ग ने 29 नवंबर 2024, 13 दिसंबर 24, 3 जनवरी 2025 और 28 फरवरी 2025, 7.अगस्त 2025, 25. नवंबर . 2025, 11 -फरवरी 2026 को नोटिस जारी करते हुए अदालत में पेश होने का आदेश दिया है लेकिन नेहरू नगर निवासी नोटिस मिलने के बाद भी न्यायालय में पेश नहीं हुए और जमीन को अपनी जमीन बताते हुए बाउंड्री वॉल का निर्माण कर रहा था। मोहल्ले वालों के विरोध के कारण बाउंड्री वाल का काम रुका है। इस जमीन पर नगर निगम दुर्ग ने प्रस्तावित एप्रोच रोड 30 फीट निर्माण का नक्शा बनाया है। इस एप्रोच रोड का निर्माण हो जाने से वार्ड के करीब दस हजार वार्ड वासियों को आने-जाने की सुविधा मिलेगी क्योंकि रोड की कनेक्टिविटी नहीं होने से वार्ड वासियों को डी मार्ट, शंकराचार्य हॉस्पिटल, पावर हाउस, स्मृति नगर जाने के लिए 4 किलोमीटर घूम कर जाना होता है। समस्या से अवगत होने पर सांसद विजय बघेल ने निदान के लिए कलेक्टर दुर्ग को कार्रवाई करने का निर्देश दिए। प्रतिनिधि मंडल में एमआर पाटिल, लखनलाल सिन्हा, डी एस ठाकुर, सीएस वर्मा, ओपी शर्मा, कुलदीप सिंह धंजल आदि शामिल थे।

## भीषण गर्मी में पेयजल किल्लत व पाइप लाइन के मलबे से आवाजाही में परेशानी

# सेक्टर 1 में सालभर बाद भी नहीं हुआ पानी टंकी का निर्माण, देरी से लोग हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

गर्मी बढ़ने के साथ ही शहर में पेयजल किल्लत की समस्या बढ़ रही है। टाउनशिप के भी कई क्षेत्रों में रहवासी पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सेक्टर 1 में नए ओव्हरहेड टैंक और पाइप लाइन के निर्माण में लेटलतीफी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। टंकी का निर्माण सालभर बाद भी पूर्ण नहीं होने से पानी की समस्या के साथ पाइप लाइन के लिए खोदे गए लंबे गड्ठे के मुरम से लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में पिछले तीन साल से घरों में एक ही टाइम यानी सिर्फ सुबह ही मात्र एक घंटे के लिए जलापूर्ति की जा रही है। इस बीच पाइप लाइनें सालों पुरानी होने, ऊपरी फ्लोर के क्वार्टरों में पानी तेजी से नहीं चढ़ने और नीचे के कई रहवासियों द्वारा मोटरपंप लगा लेने के चलते भी लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत सेक्टर एक और इससे लगे सेक्टरों के कुछ क्षेत्रों के लोगों को हो रही है। सेक्टर 1 में सालभर बाद भी नई पानी टंकी का निर्माण पूर्ण नहीं होने से यहां के लोगों को दोतरफा परेशानी हो रही है। बीएसपी द्वारा सेक्टर 1 में 50 साल पुरानी पानी टंकी डैमेज हो जाने के कारण हाइ स्कूल मैदान में नई पानी टंकी का निर्माण कार्य सालभर पूर्व शुरु किया गया था। निर्माण कार्य अब तक पूर्ण नहीं होने से पानी की किल्लत के साथ सड़क 5 में पाइप लाइन के गड्ठे के मलबे से आवाजाही में परेशानी के साथ दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है।

### पाइप लाइन बिछाने के बाद नहीं पाटे गड्ठे







### अंधेरे में गड्ठे में गिर रहे लोग

सेक्टर 1 बीएसपी स्कूल मैदान में निर्माणाधीन पानी टंकी व पुराने पंपहाउस तक पाइप लाइन को जोड़ा जाना है। सड़क 5 में पाइप लाइन बिछाने के बाद लंबी नालीनुमा गड्ठे के मुरम को पाटा नहीं गया है। रहवासियों ने बताया कि महीनों पूर्व सड़क पर गड्ठे और बिखरे मुरम से लोगों को आवाजाही में दिक्कत हो रही है और दोपहिया चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बिजली गुल होने पर समस्या बढ़ रही है। पानी टंकी का निर्माण सालभर से हो रहा है लेकिन लेटलतीफी के चलते अब तक पूर्ण नहीं हो पाया है।

### दोनों टाइम पानी की मांग

भीषण गर्मी में सेक्टर एक सहित कई सेक्टरों में नीचे के क्वार्टरों के कई रहवासियों ने पानी खींचने के लिए मोटरपंप लगा रखे हैं। वहीं पेयजल की पाइप लाइन वर्षों पुरानी हो चुकी है। इसके चलते ऊपरी माले के आवासों व अधिकतर जिन घरों में पंप नहीं लगे हैं,जलापूर्ति के समय उनके घरों के नलों में पानी की धार बहुत पतली रहती है। इस कारण पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है। रहवासियों ने बताया कि बीएसपी द्वारा पानी टंकी व पाइप लाइन बिछाने का काम जल्द पूर्ण किए जाने के साथ दोनों टाइम जलापूर्ति भी किए जाने की जरुरत है,ताकि भारी गर्मी में लोगों दिक्कत न हो।

# सड़क बाधा कर आवागमन प्रभावित करने वालों पर निगम ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-3 अंतर्गत स्थित पावर हाउस चौक शहर का सबसे व्यस्ततम मार्गों में से एक है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में छोटे.बड़े एवं भारी वाहनों का आवागमन बना रहता है। इस मार्ग पर बढ़ते यातायात दबाव के बीच सड़क पर हो रहे अतिक्रमण से आम नागरिकों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

- पावर हाउस चौक में चलाया गया अभियान

### सड़क तक सामान फैलाने से कम हो रही चौड़ाई

क्षेत्र के कुछ व्यापारी अपनी दुकानों के सामने सड़क तक सामान फैलाकर रखते हैं, वहीं फल एवं सब्जी विक्रेता भी सड़कों पर ठेला लगाकर व्यवसाय कर रहे हैं। इससे सड़क की चौड़ाई कम हो जाती है और यातायात बाधित होता है, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। निगम अधिकारियों ने बताया कि सड़क पर अतिक्रमण के कारण न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। विशेष रूप से व्यस्त समय में यहां स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। निगम प्रशासन ने सड़क पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई कीए ताकि आमजन को सुगम एवं सुरक्षित यातायात की सुविधा मिल सके। साथ ही व्यापारियों एवं ठेला संचालकों से भी अपील की जा रही है कि वे सड़क पर अतिक्रमण न करें और निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें।

# बीएसपी में जीरो हार्म सुरक्षा पर फोकस सुरक्षा मानकों के सुदृढ़ करने समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र में सेफ्टी वारियर्स एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की बैठक हुई। बैठक में सेफ्टी वारियर्स की गतिविधियों और सुरक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता महाप्रबंधक प्रभारी एसके अग्रवाल और मुख्य महाप्रबंधक देवदत्त सतपथी ने की। विभिन्न विभागों के सेफ्टी वारियर्स समूह के सदस्य उपस्थित थे।

- सेफ्टी वारियर्स एवं सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग की बैठक

सेफ्टी वारियर्स द्वारा संचालित व्यापक सड़क सुरक्षा अभियान पर चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि सेफ्टी वारियर्स द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सघन रोड कैंपेनिंग अभियान संचालित किए जा रहे हैं। इन अभियानों के अंतर्गत वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाले खतरों, बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने के जोखिमों तथा कार में सीट बेल्ट न पहनने के दुष्परिणामों के प्रति विशेष जागरूकता फैलाई जा रही है। आगे नशे की अवस्था में वाहन संचालन, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग तथा वाहन चलाते समय मोबाइल के उपयोग पर नियंत्रण के लिए प्रभावी उपायों पर भी चर्चा की गई।संयंत्र में गैस एवं युटिलिटी पाइपलाइन के नीचे पेड़ों एवं टहनियों के कारण संभावित क्षति की समस्या के समाधान के लिए विशेष लाइन मॉनिटरिंग अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि जीरो हार्म' सुरक्षा दृष्टि को साकार करने में महत्वपूर्ण है।

# बीएसपी के ठेका श्रमिकों को लंबित राशि मिलने से राहत



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत बीस ठेका मजदूरों का लंबित भुगतान होने से राहत मिली है। बकाया राशि का भुगतान एक्टू की शिकायत पर क्षेत्रीय श्रमायुक्त रायपुर के मामले के निपटारे पर हुआ। सेंटर आफ स्टील वर्कर्स संबंध ऐक्टू के महासचिव बृजेंद्र तिवारी ने बताया कि संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस में ठेकेदार बिंदु कंस्ट्रक्शन एंड आइईएस के माध्यम से कार्यरत 20 ठेका श्रमिक कार्यरत थे ,जिसमें चार महिला श्रमिक भी थी। श्रमिकों ने एक वर्ष से लेकर चार वर्ष तक काम किया था. जिनको ठेकेदार ने अंतिम भुगतान के रूप मे कम राशि का भुगतान किया गया था। इन श्रमिकों के अंतिम भुगतान के बकाया राशि को 16 अप्रैल को 3,22,257 रुपए दिया गया । शिकायत पर बीएसपी प्रबंधन के निराकरण करने पर मामले की शिकायत क्षेत्रीय श्रमायुक्त( केंद्रीय), रायपुर में किए जाने पर इसका अंतिम निपटारा 20 अप्रैल को रायपुर में हुआ. इस दौरान क्षेत्रीय श्रमायुक्त केंद्रीय अखिलेश राय, सहायक प्रबंधक सी एल सी बीएसपी हरिश बैतुले,बिंदु कंस्ट्रक्शन एंड आइ ई एस के जी एम शशिधरन नायर,यूनियन व श्रमिकों की ओर से बृजेन्द्र तिवारी, उमेश,विजय, राज यादव, विजय कुमार उपस्थित थे। यह भुगतान भुगतान श्रमिकों अरविंद कुमार यादव, दीनू कुमार, जनक लाल यादव, शशि हरपाल,राज यादव, विजय कुमार आदि को किया गया।

# अवैध हथियार व नशीली दवाओं के कारोबार को लेकर पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



अवैध हथियार, नशीली दवाओ के अवैध कारोबार को लेकर पुलिस सख्त हो गई है। इसे लेकर ई कामर्स से जुड़े गोदाम, हब में अब सीसी कैमरा स्टॉल करना होगा। इसके प्रतिनिधियों को कानूनी प्रावधानों को लेकर जानकारी भी दी गई। यह जानकारी सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में दी गई।

ग्रामीण एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि संदिग्ध पार्सल की पहचान, स्कैनिंग प्रक्रिया, ग्राहक सत्यापन, रिकॉर्ड संधारण की अनिवार्यता पर विशेष बल दिया। डिलीवरी स्टाफ का सत्यापन, सीसी टीवी से निगरानी,पुलिस के साथ सतत समन्वय स्थापित कर अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण करने निर्देशित किया। कूरियर कंपनियों एवं ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों को अवैध हथियार,नशीली दवाइयों के अवैध व्यापार को लेकर ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग में प्रतिनिधियों को एमनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट के प्रावधानों से अवगत कराया गया। नशीली दवाइयों, अवैध हथियारों का परिवहन, भंडारण वितरण गंभीर दंडनीय अपराध है।

सभी कंपनियों को निर्देशित किया गया कि पार्सल बुकिंग के समय प्रेषक की वैध पहचान सुनिश्चित करें। संदिग्ध पार्सल की स्कैनिंग करें, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस को सूचना दे। नशीली दवाइयों, धारदार हथियार अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के परिवहन पर विशेष निगरानी रखने भी कहा गया है। ट्रेनिंग में यह भी बताया गया कि प्रत्येक हब. गोदाम में सीसी कैमरे स्थापित कर रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाए। डिलीवरी एवं पिकअप स्टाफ का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करे। इस दौरान डीएसपी क्राइम यदुमणि सिदार समेत विभिन्न कुरियर कंपनी ई-कॉमर्स कंपनियों के प्रतिनिधि संचालन मौजूद थे।

## निर्माण नहीं करने वालों की समस्याएं सुनने निगम का था बुलावा

# 163 को पीएम आवास, केवल 19 ने बताई समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 बीएलसी घटक के ऐसे हितग्राही जिन्होंने मकान निर्माण हेतु आवेदन तो किया है लेकिन किसी कारणवश स्वीकृति उपरांत कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं उनके लिए नगर पालिक निगम द्वारा विशेष पहल की गई ।

- भिलाई निगम के सभागार में समस्याओं के समाधान पर चर्चा

कलेक्टर के निर्देश उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना के अधीक्षण अभियंता सह नोडल अधिकारी अजीत कुमार तिग्गा ने सभागार में अप्रारंभ आवासों के हितग्राहियों की बैठक बुलाकर सीधे संवाद किया । हैरत की बात यह रही कि बैठक में 163 हितग्राहियों को बुलाया गया था जिसमें 19 हितग्राहियों की उपस्थिति रही। जिसमें 13 हितग्राहियों ने आवास प्रारंभ करने की सहमति दी तथा अपने मकान निर्माण कार्य को जल्द से जल्द शुरू करने की सहमति व्यक्त की।




### आर्थिक समस्याएं व ठेकेदार नहीं मिल रहे

बैठक में उपस्थित हितग्राहियों से नोडल अधिकारी ने व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझा कई हितग्राहियों ने आर्थिक अभाव, तो कुछ ठेकेदार नहीं मिलने के कारण को बताएं। एक हितग्राही के यहां उसकी पत्नी के दोनों किडनी खराब हो जाने की स्थिति को बताया तथा नोडल अधिकारी ने सभी को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु प्रेरित करते हुए हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। बैठक में समाजिक विशेषज्ञ किरण चतुर्वेदी, एम आई एस अभिषेक बजाज, सिविल विशेषज्ञ आदित्य ठाकुर एवं समस्त एरिया के समस्त सर्वेयर उपस्थित रहे।

### मोबाइल गुमा खाते से लाखों रुपए पार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मोबाइल फोन गुमने पर अज्ञात ने फोन के माध्यम से लाखों रुपए पार कर दिया। घटना की शिकायत छावनी पुलिस से की गई। पुलिस ने बताया कि शाप नं 32, बी मार्केट, सेक्टर 1 निवासी सुभाष चंद 14 अप्रैल को पावर हाउस चौक अम्बेडकर जयंती समारोह में शामिल होने गया था। पीड़ूता का मोबाइल गायब हो गया। मोबाइल नंबर का लिंग एसबीआई के खाते से था। अज्ञात ने मोबाईल उपयोग कर युपीआई के माध्यम से कुल 1 लाख 99 हजार 621 रुपये पार कर दिया। पीड़ित ने 18 अप्रैल को खाते से कुछ अनाधिकृत लेन-देन का एसएमएस मिला को कस्टमर केयर से पीड़ित ने खाता खाते को ब्लॉक कराया गया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

छुट्टियों का फैशन

लाइव इवेंट

## जिला स्तरीय कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा में खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**भिलाई।** संस्कृतिक भवन वैशाली नगर में कारा-कु-जु-बो-काई-कान फुल कॉन्टेक्ट कराते के दुर्ग जिला स्तरीय कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का अयोजन संस्था के डायरेक्टर सेन्साई गिरी राव द्वारा किया गया। ग्रेडिंग परीक्षा के उद्घाटन समारोह दुर्ग के पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, यूनियन नेता एच एस मिश्रा और गुरजीत भाटिया उपस्थित थे। आयोजन के समापन समारोह पूर्व जिला व सत्र न्यायधीश अग्रलाल जोशी, तुलसी साहू, प्रेमसागर चतुर्वेदी, मो शहजाद खान, मो. आरिफ खान और प्रवीण सिंग उपास्थित थे। अतिथियों द्वारा महिला व पुरुष खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। रामकुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्रेडिंग परीक्षा व कार्यक्रम का संचालन संस्था के सीनियर ब्लैक बेल्ट्स अरविंद चंदेल, दीपक गुप्ता, जे पी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, भरत साहू, श्रवन साहू, सुभाष सोनी, रेणुका साहू, विवेक देवांगन, अनुज दहाते, मोनप्रीत लहरी, काजल बेहरा, विपिन दहाते, रोहन देवंगन व सीनियर कलर बेल्ट रविकांत दुबे, अमरकांत तिवारी, अविनाश साहू व अविष मनराल ने किया।

### इन्हें मिला बेल्ट

ग्रेडिंग परीक्षा में ब्राउन बेल्ट प्रथम गीतिका साहू, अभिषेक साहू, अदिति शर्मा, सृजन साहू, तृप्ति साहू, तृषा जैन। ब्राउन बेल्ट द्वितीय- फातिमा जैनब सिद्दीकी, रावी देशमुख, अद्वितीया द्विवेदी, समीक्षा साहू, राज आर्यन डांगले, वाय आदृत मूर्ति। डार्क ग्रीन तृतीय तिलक चंद्राकर, कामनी साहू, शिवांगनी गंधर्व, भूमिका नेताम, अरविंद नेताम, पल्लवी निषाद, अंशिका राय, जे हर्षिता। डार्क ग्रीन द्वितीय उदयराज चंद्राकर, योगांश साहू, हिमाक्ष साहू, दीप सिन्हा, विवान अग्रवाल, वान्या अग्रवाल, गीतांश निमजे, अयान नायर, खोमेंद्र नायक, माधवी निषाद, जया निषाद, निर्भय साहू, हेयान साहू, पाखी साहू, अर्चना यादव, काशवी सूरी, कविश सुरी। डार्क ग्रीन प्रथम अनुष्का स्वर्णकार, दीक्षा बंजारे, मौलिक चंद्राकर, लिसा साहू, प्रियांशी साहू, नूतन साहू, चांदनी साहू, मुस्कान कुमारी, पार्थ दावड़ा, विवेक पांडे, चेष्टा साहू, काव्य नायक, अविका ठाकुर, जिगविषा ठाकुर। यलो बेल्ट प्रथम ओमप्रकाश गड़रिया, भानेश्वरी कौशल, साहिल जैन, निधि कन्नौजिया, लुकांशी सिन्हा, देवांशी गुप्ता, देवश्री गुप्ता, आरुषि साहू। यलो बेल्ट द्वितीय कार्तिके तरैया, हर्षिता रजक, शाश्वत साहू, रिमझिम डहरिया, रयान दावड़ा। डार्क ब्लू बेल्ट द्वितीय भावेश साहू, रौनक श्रीवास्तव, अभिज्ञान यादव, वीनस तिरहुती, आराधना ध्रुव, नव्या साहू, सिद्धार्थ नायक, आदृका घोष, काव्या द्विवेदी, आयशा फातिमा सिद्दीकी, आशिया परवीन, फातिमा अंसारी, नूर बानो, जावेरिया सिद्दीकी।

लाइव इवेंट

## पतंजलि के बाल योग गुरुकुल ग्रीष्मकालीन शिविर में निखारेंगे बच्चों का व्यक्तित्व



**भिलाई।** पतंजलि योग समिति, जिला दुर्ग की ओर से बाल योग गुरुकुल ग्रीष्मकालीन शिविर 2026 का आयोजन 3 से 27 मई तक पतंजलि गौशाला परिसर, कोहका, भिलाई में किया जा रहा है। ग्रीष्म अवकाश को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सार्थक बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में कक्षा छठवीं से 12वीं तक के बालक-बालिकाओं को योग, भारतीय संस्कृति, नैतिक शिक्षा एवं जीवन कौशल का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 9 बजे तक इस शिविर में बच्चों के लिए योग, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार एवं ध्यान, गीता एवं रामायण के श्लोक, चौपाइयों का अध्ययन और जीवन में प्रयोग, जीवन कौशल, अनुशासन, समय प्रबंधन, नेतृत्व क्षमता, संस्कार आधारित खेल एवं योग प्रतियोगिताएं, चित्रकला, भजन, नाटक, सेवा कार्य, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण जैसी गतिविधियां होंगी। इसके साथ ही प्रत्येक सप्ताह विशेष थीम के माध्यम से बच्चों में अनुशासन, संस्कार, आत्मविश्वास एवं आध्यात्मिकता का विकास किया जाएगा। जिले के सभी जोनों का सक्रिय सहयोग रहेगा।

इस आयोजन के लिए पतंजलि योग समिति, जिला दुर्ग के चारों जोनों के पदाधिकारी एवं योग शिक्षक सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। इनमें दुर्ग जोन से उद्धव राम साहू, संदीप गुप्ता, सेक्टर जोन से जयंत भारती, राजेश तिवारी, बिसेन, वैशाली नगर जोन से शंभू कुशवाहा, तिजऊ राम साहू, अनूप बंसल, एस.के. रंधावा, भिलाई-3 जोन से श्रीनिवास राव, आर.के. वैद्य एवं अन्य समर्पित पतंजलि कार्यकर्ता शामिल हैं। इस शिविर में प्रवेश के लिए अभिभावक अपने बच्चों का पंजीयन ऑनलाइन लिंक के माध्यम से होगा। वहीं सीधे पतंजलि योग समिति के पदाधिकारियों से संपर्क कर भी पंजीयन करा सकते हैं। शिविर के अंत में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें योग प्रदर्शन, नाटक रामायण-महाभारत आधारित,बच्चों के प्रेरक भाषण, अभिभावकों के समक्ष प्रस्तुति जैसी गतिविधियां विशेष आकर्षण का केंद्र होंगी।

केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में 55वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

# ताइक्वांडो, जूडो, बॉक्सिंग और रोलर स्केटिंग में सौ से अधिक प्रतिभागी दिखाएंगे दमखम, खिलाड़ियों में जोश और उत्साह

**55वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्साहपूर्ण वातावरण में केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में किया गया। जिसमें बालक और बालिका वर्ग के लिए ताइक्वांडो, जूडो, बॉक्सिंग और रोलर स्केटिंग की स्पर्धाएं आयोजित की जायेंगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए लगभग 100 खिलाड़ियों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष ऊर्जा और प्रतिस्पर्धात्मक माहौल प्रदान किया।**



**भिलाई।** मुख्य अतिथियों द्वारा 55वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन कर खेलों की घोषणा की। जिसके साथ ही खेल स्पर्धाओं का आगाज़ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। इस अवसर पर स्कूल की छात्रा नायरा ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी, वहीं शास्त्रीय गणेश वंदना ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक गरिमा से भर दिया। खिलाड़ियों की ओर से छात्र लक्ष्य ने निष्पक्षता और खेल भावना की शपथ दिलाई।



### खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने किया प्रेरित

विद्यालय की प्राचार्य पुष्पा बाड़ा ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना के निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### शिक्षकों की समर्पित भूमिका बच्चों के लिए वरदान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीलम चंद सांखला ने अपने उद्बोधन में विद्यालय के शिक्षकों की समर्पित भूमिका एवं उपलब्ध सुविधाओं की सराहना करते हुए इसे शहर के लिए गौरव बताया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सच्ची जीत स्वयं पर विजय प्राप्त करने में है और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कुछ सपनों के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है। उन्होंने अपनी बात को मुहावरों की पंक्तियों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से सबके सामने रखा। जिससे बच्चें उत्साह से लबरेज दिखाई दिये। इस दौरान डॉ. अजय आर्य ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने प्रोत्साहित किया।

प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, जूडो, बॉक्सिंग और रोलर स्केटिंग बालक एवं बालिका वर्ग की स्पर्धाएं आयोजित की जा रही हैं। रीजनल स्पोर्ट्स मीट के प्रभारी सुरेश कुमार और शिक्षिका नीता दास ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम दौरान प्राचार्य पुष्पा बाड़ा, मुख्य अतिथि नीलम चंद सांखला, संजू सांखला, कमल सोनी, सुरेश कुमार, नीता दास, डॉ. अजय आर्य एवं डॉ. श्रावणी सिंह उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत



गुलाब के पौधे एवं शॉल भेंट कर किया गया। प्रतियोगिता का संचालन हॉकी विशेषज्ञ जानकी, कोच के रूप में ब्लैक बेल्ट योगेंद्र साहू और ऑफिशियल के रूप में घनश्याम निर्मलकर, तनु रानी साहू, दीपिका साहू एवं रीखेंद्र की सक्रिय भूमिका रही।



## अक्षय तृतीया सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ कर किया भजन-कीर्तन

**भिलाई।** अक्षय तृतीया के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई और धार्मिक वातावरण में सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इसके बाद भगवान परशुराम की आरती की गई।

इस आयोजन विशेष रूप से अनीता पांडे ने भोग-प्रसाद के साथ-साथ पेय पदार्थ का वितरण किया। कार्यक्रम में कार्यकारिणी की सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहीं। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, उपाध्यक्ष आशा त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष नीलम त्रिपाठी सहित सविता त्रिपाठी, साधना तिवारी, सुषमा दुबे, सुधा शर्मा, नीरू शर्मा, शैफाली तिवारी, कुमुद मिश्रा, बिंदु मिश्रा एवं नीलम तिवारी उपस्थित रही।



## अग्निवीर भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए दुर्ग में मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण



**भिलाई।** भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया 2027 के अंतर्गत पंजीकृत युवाओं के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा (सी.ई.ई) का आयोजन 1 जून 2026 से 15 जून 2026 के मध्य होगा। परीक्षार्थियों की बेहतर तैयारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आगामी 4 मई 2026 से 3 जून 2026 तक प्रदान किया जाएगा। अग्निवीर भर्ती 2026-27 के लिए आवेदन कर चुके इच्छुक अभ्यर्थी इस प्रशिक्षण का लाभ उठाने के लिए रोजगार विभाग के आधिकारिक पोर्टल erojgar.cg.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से ई-मेल ddirempdurg041<\@>gmail.com के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सनातन धर्मावलंबी परिवारों को डोम शेड सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए निःशुल्क रहेगा उपलब्ध

कार्नर न्यूज

# परशुराम का चरित्र प्रभावशाली, उनेक आदर्शों पर चलने का दिया संदेश, हनुमान चालीसा पाठ कर परशुराम द्वार का किया भूमिपूजन

भिलाई। खुर्सीपार स्थित परशुराम चौक में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राम्हण समाज के जनहितकारी विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान चालीसा पाठ के साथ किया गया। जिसके बाद श्री श्री 1008 श्री रामबालक दास महाराज द्वारा भगवान परशुराम की प्रतिमा की पूजा-अर्चना की गई। जिसमें समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। पूजन के बाद समाज कल्याण के लिए कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

जिसके अंतर्गत एक विशालकाय डोम शेड का निर्माण किया जाएगा, जो सनातन धर्मावलंबी परिवारों को सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगा। इसके साथ ही जी.ई. रोड से परशुराम चौक आने वाले मार्ग के प्रारंभ में भव्य परशुराम द्वार, पावर हाउस चौक के समीप सर्वसुविधायुक्त यात्री प्रतीक्षालय तथा परशुराम द्वार से परशुराम चौक तक पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में रामबालक दास महाराज उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने की। मंच पर ब्राह्मण समाज की ओर से



प्रभुनाथ मिश्रा, राममिलन दुबे, के.एल. तिवारी, राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी, राष्ट्रीय स्वरूपानंद समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित शर्मा सहित अन्य विप्रजन उपस्थित रहे।

### सनातन धर्मावलंबियों को प्रेरित करने की आवश्यकता- प्रेम प्रकाश

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रेम प्रकाश पांडे ने समाज की कमियों को दूर कर शिक्षा, संगठन एवं जागरूकता के माध्यम से समस्त सनातन धर्मावलंबियों को प्रेरित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य वक्ता रामबालक दास महाराज ने अपने उद्बोधन में भगवान परशुराम के जीवन व चरित्र का प्रभावशाली और प्रेरणादायक वर्णन किया साथ ही समाज को धर्म, संस्कृति एवं आदर्शों के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

### निगम अभिलेखों में परशुराम मार्ग के रूप में दर्ज



कार्यक्रम के आयोजक एवं परशुराम सेवा समिति के अध्यक्ष पीयूष मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में इस मार्ग को कैनाल रोड के नाम से जाना जाता था,लेकिन अब समाज के सामूहिक प्रयासों से यह मार्ग शासकीय एवं निगम अभिलेखों में परशुराम मार्ग के रूप में दर्ज किया जाएगा। प्रभुनाथ मिश्रा ने समाज को संगठित एवं एकजुट रहने का संदेश दिया।

### भजन संध्या का श्रद्धालुओं ने देर रात तक लिया आनंद

कार्यक्रम में सांस्कृतिक आयोजन के रूप में भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसका उपस्थित श्रद्धालुओं ने देर रात तक आनंद लिया।

## धर्म इवेंट

# मानव सेवा व गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले योगेंद्र सम्मानित



**भिलाई।** मानव सेवा और गौ सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली जन समर्पण सेवा संस्था, दुर्ग के अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी को प्रदेश स्तरीय सम्मान से नवाजा गया। यह सम्मान अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा, गौड़ ब्राह्मण समाज रायपुर एवं भिलाई ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रदान किया गया। तिल्दा नेवरा स्थित परशुराम भवन में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाज के पदाधिकारियों ने योगेन्द्र शर्मा को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

वहीं रायपुर में आयोजित शोभायात्रा एवं मिलन समारोह तथा भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में भी उनके सेवा कार्यों की सराहना करते हुए सम्मान प्रदान किया गया। जन समर्पण सेवा संस्था पिछले लगभग 9 वर्षों से निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय है। संस्था द्वारा गरीब एवं जरूरतमंदों की सहायता, दिव्यांगजनों को आवश्यक सामग्री वितरण, मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों की मदद, गौ सेवा के अंतर्गत पशुओं को रेडियम पट्टी लगाना तथा पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था जैसे अनेक सराहनीय कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इसके साथ ही संस्था द्वारा निःशुल्क एंबुलेंस सुविधा एवं मेडिकल उपकरण जैसे व्हीलचेयर, वॉकर, मेडिकल बेड आदि भी जरूरतमंदों को उपलब्ध कराए जाते हैं। संस्था के सदस्य बिना किसी स्वार्थ के निरंतर सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। सम्मान प्राप्त करने पर योगेन्द्र ने इसे संस्था के सभी सदस्यों को समर्पित करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके व्यक्तिगत नहीं, बल्कि पूरी संस्था के सेवा कार्यों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि संस्था आगे भी इसी तरह समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रहेगी।

## समाज लाइव

# बच्चों से यौन अपराध- सिर्फ कठोर सजा से नहीं रुकेगा जुर्म



**भिलाई।** बाल संरक्षण कानूनों पर आज भी अंग्रेजों के जमाने के नियमों की छाप है और मौजूदा पॉक्सो कानून में कई खामियां मौजूद हैं। कानून में कई परिभाषाएं स्पष्ट नहीं हैं और उदाहरणों की कमी के कारण अलग-अलग अदालतों के फैसलों में अंतर आ जाता है। साथ ही, खुद को बेगुनाह साबित करने का पूरा भार आरोपी पर ही डाल दिया गया है। यह कहना है भिलाई की शोधकर्ता श्रीमयी पुहान का।

उन्होंने पैसिफिक एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी, उदयपुर के स्नातकोत्तर अध्ययन विभाग के अंतर्गत पॉक्सो एक्ट और बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन अपराधों पर एक अहम रिसर्च की है। रिसर्च का सबसे बड़ा निष्कर्ष यह है कि जुर्म को जड़ से खत्म करने के लिए केवल फांसी या उम्रकैद जैसी कठोर सजा दे देना ही काफी नहीं है, बल्कि मानव व्यवहार को समझने और सुधार की भी सख्त जरूरत है। न्याय व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अध्ययन में एक नया त्रिस्तरीय मॉडल पेश किया गया है। अपराध की गंभीरता के अनुसार सख्त सजा मिले। अपराधी की सोच और व्यवहार का मनोवैज्ञानिक तरीके से इलाज हो, ताकि वह दोबारा अपराध न करे। पीड़ित बच्चे को सुरक्षित माहौल देकर उसकी जिंदगी को फिर से सामान्य बनाया जाए। अध्ययन में जोर दिया गया है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी तरह से पीड़ित बच्चे की भलाई पर केंद्रित होनी चाहिए। इसके अलावा, सजा का वास्तविक असर समझने के लिए भविष्य में जजों, वकीलों और सुधार गृहों के साथ मिलकर जमीनी स्तर पर सर्वे करने का भी अहम सुझाव दिया गया है।

# सीजी जिमनास्टिक टीम का चयन



**भिलाई।** जिमनास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में जूनियर सीनियर ओपन नेशनल पुरुष ओर महिला वर्ग के जिमनास्टिक चैंपियनशिप का आयोजन 25 अप्रैल से 3 मई तक भुवनेश्वर उड़ीसा में होना है। छत्तीसगढ़ स्पोर्ट्स जिमनास्टिक एसोसिएशन ने चयन ट्रायल स्मृति नगर मंगल भवन में किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ के टीम का चयन किया गया। जो छत्तीसगढ़ दल का प्रतिनिधत्वि करेगा। इस दौरान अध्यक्ष स्मृति गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित राजीव चौबे ,भूतपूर्व मैराथन रनर एवं एसोसिएशन के टेक्निकल कमेटी के सदस्य ताजुद्दीन , सह सचिव मुकेश तिवारी,दीपक खोबरागड़े, रजनीकांत शर्मा, संघ के महासचिव शत्रुघ्न स्वाईं मौजूद थे। टीम में जूनियर जी विजय, येसु बारले, जी तनष्कि , अर्चित वानवे ,भूपेंद्र भारती , अक्षय साहनी, सीनियर बालक ए नवीन साईं, युवराज रेड्डी , टुकेश साहू , साइमन आमों, दीपक भास्कर, प्रयाग निषाद व महिला ग्रुप में एस भव्या शामिल हैं।

# कालीबाड़ी में भक्तों को बांटे गए कैलेंडर



**भिलाई।** बंगाली नववर्ष के मौके पर हुडको स्थित रबिन्द्र निकेतन कालीबाड़ी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिली। पूरे परिसर में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। लोगों ने मंदिर पहुंचकर मां काली के दर्शन किए और एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं को बंगाली कैलेंडर और मिठाई का वितरण भी किया गया। सुबह से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला चलता रहा, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और बंगाली समाज के सदस्य शामिल हुए। माहौल पूरी तरह श्रद्धा और उल्लास से भरा रहा।

## साधुमार्गी जैन संघ दुर्ग का आध्यात्मिक आयोजन, अक्षय तृतीया पर वर्षीतप पारणा का आयोजन

# त्याग, संयम और तपस्या वर्षीतप का किया पारणा, 39 तपस्वियों को मुनि और साध्वी हेमप्रभा ने किया सम्मानित

भिलाई। दुर्ग साधुमार्गी जैन संघ के तत्वावधान में महेश कॉलोनी स्थित राधा-कृष्ण मंडप में अक्षय तृतीया के अवसर पर वर्षीतप पूर्ण करने वाले तपस्वियों का पारणा समारोह श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गुरुदेव अक्षय मुनि और साध्वी हेम प्रभा द्वारा 39 वर्षीतप आराधकों का स्वागत, अभिनंदन एवं पारणा विधिपूर्वक सम्पन्न कराया। सभी आराधकों ने वर्षीतप पूरा कर समाज के समक्ष त्याग, अनुशासन और आत्मसंयम की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर रायपुर, राजनांदगांव, धमतरी, बालोद, नगरी, धमधा, कवर्धा, खरियार रोड, जबलपुर, बुखारा, दल्ली राजहरा सहित अन्य जिलों और प्रदेशों से साधकजन शामिल हुए।





### श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त

इस अवसर पर ओसवाल जैन पंचायत एवं जैन समाज के विभिन्न दलों द्वारा वर्षीतप साधकों का अभिनंदन किया गया। आयोजन में साधुमार्गी जैन संघ के महिला मंडल एवं युवा संघ का सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे, जिन्होंने तपस्वियों के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष ओमप्रकाश सांखला ने कार्यक्रम सहयोग देने वाले सभी सदस्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया।



### विधिवत आहार ग्रहण कर तप का हुआ समापन

लगभग एक वर्ष तक चले इस कठोर तप, संयम और साधना के समापन पर पूरा वातावरण भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा। तपस्वियों ने अटूट श्रद्धा, आत्मबल और दृढ़ संकल्प के साथ वर्षीतप पूर्ण कर समाज के समक्ष त्याग, अनुशासन और आत्मसंयम की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की। पारणा के अवसर पर विधिवत आहार ग्रहण कर तप का समापन किया गया। गुरुदेव अक्षय मुनि एवं साध्वी हेम प्रभा महाराज के सानिध्य में आयोजित इस समारोह में रायपुर, राजनांदगांव, धमतरी, बालोद, नगरी, धमधा, कवर्धा, खरियार रोड, जबलपुर, बुखारा एवं दल्ली राजहरा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए तपस्वियों ने सहभागिता निभाई।

### वर्षीतप और पारणा का महत्व

वर्षीतप जैन धर्म की एक अत्यंत कठिन साधना है, जिसमें साधक लगभग 13 माह तक एक दिन उपवास और एक दिन भोजन का नियम निभाते हैं। यह तप आत्मसंयम, श्रद्धा और मानसिक दृढ़ता का प्रतीक माना जाता है। वहीं पारणा उपवास के विधिपूर्वक समापन को कहा जाता है, जो तप की पूर्णता और साधक की आध्यात्मिक विजय का प्रतीक होता है। इसे जैन समाज में अत्यंत श्रद्धा और उत्सव के रूप में मनाया जाता है। जैन परंपरा के अनुसार भगवान ऋषभदेव आदिनाथ ने भी वर्षीतप किया था और उनका पारणा अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसी कारण इस दिन का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। पारणा एक शुभ मुहूर्त में किया जाता है। साधक को विशेष विधि से आहार जैसे उबला हुआ जल, जूस आदि दिया जाता है।

## सेक्टर-6 भिलाई में कार्यक्रम का आयोजन

# महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब पर आधारित नृत्य व नाट्य की प्रस्तुति



**भिलाई।** भारतीय बौद्ध महासभा भिलाई के तत्वावधान में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं राष्ट्र निर्माता डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की संयुक्त सार्वजनिक जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर सांस्कृतिक भवन परिसर, सेक्टर-6 भिलाई में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान तीन दिनों से चल रहे बच्चों, महिलाओं के लिए आयोजित निबंध रंगोली,भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मोमेंटो एवं सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। अतिथियों का स्वागत सम्मान संस्था के महिला मंडल के स्वागत गीत के साथ शुरू किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि उद्योग विभाग छत्तीसगढ़ शासन संजय गजघाटे ने बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान डॉ. उदय धाबार्डे, अजय गजघाटे, प्रज्ञा मेश्राम एडिशनल एसपी, एम. असीम बैग अध्यक्ष भिलाई मस्जिद ट्रस्ट, वर्षा बागड़े, मुख्य वक्ता इंजीनियर स्नेहा बुद्धिस्ट स्कॉलर शामिल हुई। उन्होंने कहा कि हमें महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों पर चलना है उन्होंने वर्तमान में देश में बढ़ रहे नारियों के प्रति दुराचार एवं आपसी मनमुटाव के भावनाओं से दूर करके समाज के निर्माण में राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य तन मन धन देने की आवश्यकता को बताया, साता ही उन्होंने समाज को अपने शक्ति को राष्ट्र निर्माण में लगाने प्रोत्साहित किया। संस्था के अध्यक्ष विनोद वासनिक ने संस्था के प्रतिवेदन पढ़ते आगामी गतिविधि के बारे में भी समाज को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन संस्था महासचिव वीरेंद्र और आभार प्रदर्शन संस्था उपाध्यक्ष रंजू खोबरागड़े ने किया। कार्यक्रम में विनोद वासनिक रंजू खोबरागड़े, वीरेंद्र, अशोक नंदेश्वर, हरिकिशन भोवेते ,अशोक श्याम कुमार , सविता मेश्राम शेक चंद गौरकर ,आनंद रामटेक ,देवानंद मेश्राम, थानेंद्र कामडे, प्रदीप सोम कुंवर, जे बी पाटिल,शैलेश सुखदेवे, जालेनदर ऊके, धनंजय मेश्राम द्वारका प्रसाद भोईर जी, कृष्ण कुमार बंसोड़कर, आशीष चौहान,प्रीतेश पाटील भागवत बागडे, कीर्ति लांजेवार राजेश गजभिए, महेंद्र खोबरागड़े,धीरेंद्र धमगाये, परविंद्र सहारे, मनीष मेश्राम, प्रबुद्ध बंगले ,संतोष उमरिकर, भूपत बोरकर ,करुणा खोबरागड़े, अजय अडकणे ,बुद्ध प्रकाश मेश्राम आदि मौजूद थे।

## आयोजन

# काव्य गोष्ठी में रचनाकारों ने दी प्रस्तुति, किया गया सम्मानित



**भिलाई ।** मुक्तस्वर साहित्य समिति के तत्वावधान में काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी और गायक कमल कुमार अग्रवाल उपस्थित थे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष गोविन्द पाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासचिव एवं पुलिस अधीक्षक सीआईडी नरेंद्र सिक्केवाल शामिल हुए।

उपसचिव शंकर भट्टाचार्य ने समिति द्वारा प्रकाशित किए जाने वाले साझा संकलन के संबंध में जानकारी दी। कोषाध्यक्ष संतोष जाटव जालौनी ने कहा कि उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करने वाले रचनाकारों को सम्मानित किया जाएगा। गोष्ठी में शंकर भट्टाचार्य, विपुल सेन, बुद्धसेन शर्मा, वासुदेव भट्टाचार्य, संतोष जाटव जालौनी, शीशलता शालू एवं नरेंद्र कुमार सिक्केवाल सहित अन्य रचनाकारों ने अपनी-अपनी रचनाओं का पाठ किया। इस दौरान उपेन्द्र नाथ द्वारा लिखित बांग्ला लोककथा पर आधारित हास्य रचना टुनटुनी और राजा का हिंदी अनुवाद गोविन्द पाल ने प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि कमल कुमार अग्रवाल ने मोहम्मद रफी और किशोर कुमार के गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में संगीत का रंग भर दिया। इस अवसर पर बीएसपी पूर्व विजिलेंस अधिकारी विनोद कुमार वर्मा, सह संपादक दयालन माधवन उन्त्री तथा समिति की विधिक सलाहकार अधिवक्ता सत्यवती शुक्ल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जायरीने हज का इस्तकबाल करना हम सबकी खुशनसीबी : इंद्रजीत

# हज की अहमियत बताई आलिमे दीन ने अमन के लिए सभी ने मिल कर की दुआएं

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** हज के सफर पर जा रहे दुर्ग-भिलाई के खुशकिस्मत जायरीनों का इस्तकबालिया प्रोग्राम शांति नगर में रखा गया। ट्रांसपोर्टर व समाजसेवी अब्दुल गनी खान और हज़रत बिलाल मस्जिद हुडको भिलाई के सदर शाहिद अहमद रज्जन की ओर से आयोजित इस प्रोग्राम में 40 से ज्यादा स्थानीय जायरीने हज का गुलपोशी और तोहफे के साथ इस्तकबाल किया गया। इस दौरान जामा मस्जिद सेक्टर-6 के इमाम इकबाल अंजुम हैदर, जोन-3 मस्जिद के मुफ्ती जामई कमर, हुडको हजरत बिलाल मस्जिद के मुहम्मद माजिद और फरीद नगर नूरी मस्जिद के इमाम मौलाना जलालुद्दीन सहित मौजूद लोगों ने सभी जायरीनों के लिए हज के सफर की आसानी और हज की कुबूलियत के लिए दुआएं की। शुरुआत में अपनी तकरीर में आलिमे दीन ने हज की अहमियत और इससे जुड़ी जरूरी बातें बयान की। सभी खुशकिस्मत जायरीनों को मुबारकबाद पेश की। फातिहा ख्वानी के साथ सलाम पेश किया गया और दुआएं की गई।



### धार्मिक एकता की मिसाल बना आयोजन

युवा समाजसेवी और सर्व समाज कल्याण समिति के प्रमुख इंद्रजीत सिंह छोटू ने जायरीनों का इस्तकबाल करते हुए कहा कि वहां जाने पर दुआओं में हम सभी को जरूर याद रखें। उन्होंने कहा कि इस मुबारक सफर पर जाने से पहले आप सभी का इस्तकबाल कर हम खुद को खुशनसीब मानते हैं। छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के अध्यक्ष जसवीर सिंह चहल ने कहा कि इस्पात नगरी भिलाई का भाईचारा ऐसे आयोजनों से मजबूत होता है। उन्होंने सभी जायरीनों को मुबारकबाद पेश की। आयोजन में मौजूद वरिष्ठ पार्षद व महापौर परिषद सदस्य सीजू एंथोनी, पलविंदर सिंह रंधावा, सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह और उपाध्यक्ष जोगा राव ने भी सभी जायरीनों का इस्तकबाल किया। आयोजन को सफल बनाने में जावेद खान, हुसैन अशरफी, अकबर बब्बू अली, शाहनवाज कुरैशी, उजैर कादरी, जहीर अहमद, अमीर अहमद, खलील अहमद, इसरार खान, शादाब अहमद, परवेज सलमानी, सैयद अली, माबूद अहमद, इनाम वकील, फलकनुमा मस्जिद के सदर जाकिर काजी, बोरसी मस्जिद के डॉ. आदिल, शफी अहमद, अब्दुल हक, सिद्दीकी, मस्जिद हजरत बिलाल के सेक्रेट्री नईमुद्दीन, आसिफ, लाला कुरैशी, हनीफ मोहम्मद, सलीम अहमद, नदीम निजामी और जमालुद्दीन सहित तमाम लोगों का योगदान रहा। भिलाई जिंदाबाद पुस्तक का लोकार्पण, लेखक का सम्मान किया। इस मौके पर मौजूद तमाम मस्जिदों के इमाम और आयोजन समिति की ओर से इस्पात नगरी भिलाई पर आधारित किताब भिलाई जिंदाबाद, कुछ किस्से-कुछ कहानियां का लोकार्पण किया गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### महिला चैलेंजर ट्रॉफी में नॉर्थ और साउथ जोन की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय महिला चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत मंगलवार को शानदार मुकाबले हुए। कल्याण कॉलेज मैदान सेक्टर-7 टीम वेस्ट जोन विरुद्ध नॉर्थ जोन में परिणाम नॉर्थ जोन ने 5 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में वेस्ट जोन टीम 102 रन पर ऑल आउट हो गई। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 5 विकेट पर 104 रन बनाए। मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में टीम सेंट्रल जोन विरुद्ध साउथ जोन में परिणाम साउथ जोन ने 6 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने 4 विकेट पर 138 रन बनाए। बल्लेबाजी में साउथ जोन ने 4 विकेट पर 139 रन बनाए।

### एलिट ग्रुप के लिए क्वालिफाई किया कवर्धा और कोरबा ने



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-16 प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता का सेमी फाइनल मैच मंगलवार को खेला गया। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम कवर्धा विरुद्ध कोरिया जिला परिणाम में कवर्धा ने 290 रनों से जीता एवं एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम कोरबा विरुद्ध धमतरी में परिणाम मैच ड्रॉ रहा। पहली पारी के बढत के आधार पर कोरबा जिला की टीम ने एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई किया। उल्लेखनीय है कि प्लेट ग्रुप के सेमी फाइनल मैच की विजेता टीम के मध्य फाइनल मैच नहीं खेला जाता जो टीम सेमीफाइनल में विजयी होती है वह एलिट ग्रुप के लिए क्वालीफाई करती है।

### राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल में छत्तीसगढ़ टीम की विजयी शुरुआत



**रायपुर।** 69वी राष्ट्रीय शालेय बेसबॉल क्रीड़ा प्रतियोगिता दिल्ली में 16 से 22 अप्रैल तक आयोजित है। जिसमें छत्तीसगढ़ के बेसबॉल 14 एवं 17 वर्ष के बालक बालिका की टीम भाग ले रही है। छत्तीसगढ़ टीम के प्रमुख प्रबंधक अख्तर खान ने बताया कि 17 वर्ष बालिका का पहला मैच जम्मू कश्मीर से हुआ जिसमें टीम ने 12-02 से जीत हासिल की।

साक्षी ध्रुव, कामिनी और रागिनी ने अपनी टीम के लिए रन बनाई वहीं 14 वर्ष बालिका टीम ने भी जबरदस्त शुरूआत करते हुए मणिपुर को 11-00 से हराकर अपना मैच जीते। जिसमें सोनाली, नगीना, दिव्या, रानी ने टीम के लिए रन बनाए। 17 वर्ष बालक टीम का पहला मैच जम्मू कश्मीर से ह जिसमे प्रदेश की टीम 10-00 से मुकबला जीता। योगेश, सागर, प्रमोद, रिंकू ने टीम के लिए रन बनाए और दूसरे मैच में सीबीएसई टीम से भी 10-00 से जीत कर अगले चक्र में प्रवेश किया। टीम के कोच मैनेजर अख्तर खान, दिनेश वर्गीस, संदीप गाहिरे नेहा यादव, अंजली खलखो है। खिलाड़ियों को प्रदेश बेसबॉल संघ की अध्यक्ष डॉ पलक जायसवाल, महासचिव मिताली घोष, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कैरोलीन सत्तुर, मृत्युंजय शर्मा, जिला क्रीड़ा अधिकारी कमलेश यादव, आकाश कश्यप, लखन देवांगन, अंकुर रजक, शिशिर निषाद आदि ने बधाई दी है।

### जिला स्तरीय शतरंज चैंपियनशिप भिलाई में 25 अप्रैल से




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के मार्गदर्शन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा मनसा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सहयोग से 25 एवं 26 अप्रैल को जिला स्तरीय अंडर 7 एवं 11 शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवं सचिव तुलसी सोनी ने बताया कि उक्त स्पर्धा में अंडर 7 एवं अंडर 11 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मेडल व ई सर्टिफिकेट दिया जायेगा। राज्य चैम्पियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ियों की फीस संघ द्वारा वहन की जाएगी। प्रतियोगिता अंतर्राष्ट्रीय नियमों के आधार पर 6 राउंड में खेली जाएगी। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क तीन सौ रुपए एवं प्रवेश की अंतिम तिथि 22 अप्रैल तक निर्धारित है। स्पर्धा के मुख्य निर्णायक इंटरनेशनल आर्बिटर रॉकी देवांगन एवं तकनीकी सहायक फीडे आर्बिटर अनिल शर्मा होंगे।

---

**जानिए क्या है हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक में अंतर**

# गर्मी में शरीर के संकेतों को अनदेखा न करें, जानलेवा भी हो सकती है जरा सी लापरवाही

गर्मियों में बढ़ते तापमान के साथ शरीर पर गर्मी का असर भी तेजी से दिखने लगता है। ऐसे में अक्सर लोग हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक को एक ही समझ लेते हैं, जबकि ये दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं और इनकी गंभीरता भी अलग होती है। सही समय पर पहचान और इलाज बहुत जरूरी है, क्योंकि हीट स्ट्रोक जानलेवा भी साबित हो सकता है। देश इन दिनों गर्मी के प्रकोप में है। पारा 40 के आस-पास बना हुआ है। डॉक्टर कहते हैं कि बढ़ती गर्मी में हल्की सी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है। गर्मी के दिनों में अक्सर दो स्वास्थ्य समस्याओं की सबसे ज्यादा चर्चा होती है वह है- हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक। अप्रैल में ही बढ़ती गर्मी आने वाले महीनों, मई-जून के लिए अलर्ट कर रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पहले से ही क्रॉनिक बीमारियों के शिकार लोगों के लिए ये कई तरह की मुश्किलें बढ़ाने वाली हो सकती है। दिन में ज्यादा समय तक धूप में रहने से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। कहीं आप भी तो हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक को एक ही तो नहीं मानते आ रहे हैं, ये दोनों अलग-अलग स्थितियां हैं। आइए इसके बारे में आगे विस्तार से जानते हैं।



### शरीर खुद को करता रहता है ठंडा

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे शरीर का मैकेनिज्म ऐसा है कि वह खुद को गर्मी से बचाए रखने के लिए काम करता रहता है। तापमान बढ़ने की स्थिति में शरीर पसीने का उत्पादन बढ़ाकर खुद को ठंडा करता है। हालांकि जब गर्मी और नमी का स्तर बहुत ज्यादा हो जाता है, तो यह सिस्टम फेल होने लगता है। ऐसे में पहले हीट एग्जॉशन होता है।



हीट एग्जॉशन को स्वास्थ्य विशेषज्ञ एक चेतावनी की तरह मानते हैं। अगर इस स्थिति को नजरअंदाज किया जाए तो यह हीट स्ट्रोक में बदल सकता है, जिसे जानलेवा तक माना जाता है। आइए इन दोनों में अंतर समझ लेते हैं।

### पहले हीट एग्जॉशन के बारे में जान लीजिए

मेडिकल रिपोर्ट्स से पता चलता है कि हीट एग्जॉशन तब होता है, जब आपके शरीर से पसीने के रूप में ज्यादा मात्रा में पानी और नमक निकल जाता है।इससे शरीर कमजोर होने लगता है और तापमान नियंत्रित करने की क्षमता में दिक्कत आ जाती है। ये गर्मी से जुड़ी एक शुरुआती स्थिति होती है, लेकिन इसे नजरअंदाज करना खतरनाक हो सकता है। अत्यधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, मतली जैसी स्थितियां हीट एग्जॉशन का संकेत हो सकती हैं। कई बार व्यक्ति को बेहोशी जैसा महसूस भी हो सकता है। यह स्थिति आमतौर पर लंबे समय तक धूप में रहने या पर्याप्त पानी न पीने से होती है।

अब हीट स्ट्रोक के बारे में जान लीजिए

हीट एग्जॉशन की ही तरह हीट स्ट्रोक भी गर्मी से जुड़ी समस्या है, लेकिन यह गंभीर और जानलेवा हो सकती है। हीट स्ट्रोक तब होता है जब शरीर के तापमान नियंत्रण



करने की क्षमता पूरी तरह फेल हो जाती है और शरीर का तापमान 40 डिग्री या उससे ज्यादा पहुंच जाता है। हीट स्ट्रोक के कारण पसीना आना बंद हो जाता है और त्वचा ड्राई और गर्म हो जाती है। तेज बुखार, भ्रम, दिल की धड़कन तेज होने, सांस लेने में दिक्कत होने और बेहोशी जैसे लक्षण भी दिखाई देते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है इसमें अगर तुरंत इलाज न मिले तो स्थिति गंभीर तक हो सकती है।

### हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक में क्या अंतर है?

हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक के बीच सबसे बड़ा अंतर इसकी गंभीरता और शरीर के तापमान में है। हीट एग्जॉशन को आमतौर पर चेतावनी माना जाता है, जबकि हीट स्ट्रोक एक आपातकालीन स्थिति है। हीट एग्जॉशन में शरीर पसीना निकालता रहता है, जबकि हीट स्ट्रोक में पसीना बंद हो सकता है। इन दोनों स्थितियों से बचने के लिए शरीर को हाइड्रेट रखना, दिनभर में पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स वाली चीजों का सेवन सबसे जरूरी है।


---



## ज्यादा चीनी से जोड़ों-लिवर की भी बढ़ सकती हैं समस्याएं

शरीर को रोगमुक्त रखने के लिए जिन चीजों की मात्रा आहार में कम से कम रखने की सलाह दी जाती है, नमक और चीनी उनमें शीर्ष पर है। आहार में नमक की अधिकता से ब्लड प्रेशर बढ़ने से लेकर हार्ट और किडनी तक की समस्याओं का खतरा हो सकता है, इसी तरह से जो लोग अधिक मात्रा में चीनी वाली चीजों का सेवन करते हैं उनमें समय के साथ डायबिटीज की बीमारी होने का जोखिम बढ़ जाता है। आहार विशेषज्ञ चीनी और नमक के अधिक सेवन को शरीर के लिए 'स्लो पॉइजन' जैसा मानते हैं जिससे धीरे-धीरे कई प्रकार की बीमारियों के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।

चीनी के अधिक सेवन को आमतौर पर डायबिटीज का प्रमुख कारक माना जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि चीनी के कारण होने वाले दुष्प्रभाव यहीं तक सीमित नहीं हैं। डायबिटीज के अलावा भी चीनी शरीर को कई प्रकार से प्रभावित कर सकती हैं। तो अगर आप ज्यादा चीनी खाते हैं तो अभी से सावधान हो जाइए।



### चीनी शरीर के लिए हानिकारक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, शुगर ड्रिंक, कैंडी, बेक किया हुआ सामान और मीठे डेयरी उत्पादों में ऐडेड शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि इसे क्या कहा जाता है, चाहे आप चीनी कहें या ऐडेड शुगर, इसकी अधिक मात्रा शरीर पर कई तरह से नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है।

ये मान कर चलना कि ज्यादा चीनी खाने से सिर्फ डायबिटीज होने का जोखिम रहता है, आप गलती कर रहे हैं। चीनी की अधिकता ब्रेन से लेकर लिवर, जोड़ों और हार्ट तक के लिए दिक्कतें बढ़ाने वाली हो सकती है।

### मूड से संबंधित विकारों का खतरा

क्या आप जानते हैं कि चीनी खाने से आपके मस्तिष्क में डोपामाइन नामक आपको अच्छा महसूस कराने वाला रसायन उत्पन्न होता है। इससे आपको और अधिक मात्रा में चीनी वाली चीजों को खाने की इच्छा होती है। हालांकि जब आप इसका अधिक मात्रा में सेवन करने लगते हैं तो इसके कारण आपको मूड से संबंधित विकारों का खतरा हो सकता है। इतना ही नहीं ज्यादा चीनी खाने को इंफ्लामेटरी प्रभावों को बढ़ाने वाला पाया गया है जिससे ब्रेन और शरीर के अन्य हिस्सों में सूजन की दिक्कत हो सकती है।

### आर्थराइटिस होने का खतरा

यदि आपको जोड़ों में दर्द रहता है, तो मीठी चीजों का सेवन तुरंत कम कर देना चाहिए। अधिक मात्रा में चीनी या मीठी चीजों को जोड़ों में दर्द को बढ़ाने वाला माना जाता है क्योंकि ये शरीर में सूजन पैदा कर देती है। अध्ययनों से पता चलता है कि जो लोग बहुत अधिक चीनी खाते या पीते हैं उनमें रुमेटाइड आर्थराइटिस विकसित होने की अधिक आशंका हो सकती है। ये आदत आपके जोड़ों के लिए भी ठीक नहीं है।



---

## वर्ल्ड टेबल टेनिस डे समारोह में वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान




**रायपुर।** वर्ल्ड टेबल टेनिस डे (23 अप्रैल) के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ एवं राजधानी टेबल टेनिस संघ, रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 20 अप्रैल को सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, रायपुर में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टेबल टेनिस के साथ-साथ अन्य खेलों में भी उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर के प्रथम पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला (आईपीएस) थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने की तथा विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी एवं पूर्व संरक्षक डॉ. भरत अग्रवाल थे। संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाडे मंच पर मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन रायपुर महानगर टेबल टेनिस संघ के सचिव शकील साजिद ने किया।

समारोह के दौरान, मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला (आईपीएस) ने स्वयं रोबो मशीन पर खेलकर उपस्थित सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में, संघ की ओर से मुख्य अतिथि को ससम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह में रायपुर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव अनुराग दीक्षित, कराते की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हर्षा साहू, छत्तीसगढ़ वेटरंस टेबल टेनिस समिति के सचिव प्रेमराज जाचक, तकनीकी समिति के चेयरमैन अरविंद कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, विमल नायर, गिरिराज बागड़ी, प्रणय मजुमदार, ईरा पंत, गीता पंडित, रेणुका सुब्बा, डॉ. मोहन सावंत, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. विजय खंडेलवाल, प्रमिला ठाकुर, दिव्या आमदे, अरुण बावरिया, हरीश पांडे, राकेश यादव, तरुण राठोड, प्रवीण निरापुरे, प्रिया चावड़ा, मो शफाक, एस वत्स, प्रमिला देवांगन और चिरंजीत राय सहित संघ के अनेक पदाधिकारीगण, खिलाड़ीगण एवं अभिभावकगण उपस्थित थे।

### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इनमें टेबल टेनिस के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए वरिष्ठ खिलाड़ियों सुरेश दुबे, शैलेश गोलछा, राजपाल बघेल, डॉ. अनिल एस. कोटस्थाने, राजीव काले और डॉ. स्वाति बांठिया को सम्मान-पत्र, श्रीफल एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रथम बार अन्य खेलों के खिलाड़ियों का उत्कृष्ट योगदान हेतु वरिष्ठ खिलाड़ियों में नीता डुमरे (हॉकी), कविता दीक्षित (बैडमिंटन) एवं राजेश सोमवंशी (वॉलीबॉल) को भी सम्मान-पत्र, श्रीफल एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

---

## धूप से आकर तुरंत पीते हैं ठंडा पानी तो जान लीजिए इसके नुकसान



गर्मियों ने दस्तक दे दी है और तापमान में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इस मौसम में आप थोड़ी देर के लिए ही क्यों न बाहर निकलें आपका गला और जुबान सूखने लगता है,ऐसा लगता है कि कब ठंडा पानी मिल जाए और सुकून आ जाए, हम में से अधिकतर लोग धूप से आकर चिल्ड पानी पी लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो आज से ही करना बंद कर दीजिए,क्योंकि इससे आपकी सेहत पर गंभीर असर पड़ सकता है। धूप से आने के बाद ठंडा पानी पीने से आपके शरीर का तापमान गड़बड़ा जाता है। दरअसल जब आप बाहर से आते हैं तो आप के शरीर का तापमान बढ़ा हुआ होता है और आप अचानक से ठंडा पानी पी लेते हैं तो इससे आपको सर्दी गर्मी की शिकायत हो जाती है। इसके कारण सर्दी जुकाम बुखार हो जाता है। वहीं जब आप अचानक से ठंडा पानी पी लेते हैं तो इससे आपके पाचन पर भी प्रभाव पड़ता है इसके कारण आपकी डाइजेशन प्रक्रिया धीमी हो जाती है और आप को अपच की शिकायत हो जाती है। एक्सपर्ट के मुताबिक ठंडा पानी पीने से हाथ से खुलने लगते हैं और इसके कारण आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है। ठंडा पानी पीना आपके दिल के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है जब आप कुछ ठंडा पानी पीते हैं तो इससे आपका ब्लड वेसल से कूदने लगती है और ब्लड फ्लो धीमा होने लगता है और ऐसे में हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है। धूप से आकर तुरंत बाद अगर आप ठंडा पानी पी लेते हैं तो आपके सिर में गंभीर दर्द हो सकता है। ऐसा आपका ब्रेन फ्रीज होने की वजह से होता है। बहुत ज्यादा ठंडा पानी पीने से दिमाग की नसों पर असर पड़ता है।

---

**कार्नर न्यूज**

**अपने करियर का ध्यान रखते हुए घर के काम को भी पूरा करें**

# ऑफिस के साथ बच्चे की पढ़ाई को मैनेज करने अपनाएं टिप्स, नही होगी किसी को परेशानी

'आपके पास तो मेरे लिए टाइम ही नहीं है', अगर आप भी वर्किंग पैरेंट हैं, तो अपने बच्चे से कभी न कभी ऐसा जरूर सुना होगा। असल में यह हर वर्किंग पैरेंट के साथ होना आम बात है। उनके लिए अपनी पेशेवर जिंदगी और बच्चे के लालन-पालन के बीच संतुलन बनाना बहुत मुश्किल हो जाता है। कभी-कभी कुछ माता-पिता इस बात को लेकर मायूस भी हो जाते हैं कि वे अपने बच्चों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं। हालांकि आपको इतना नहीं सोचना चाहिए। अगर आप काम कर रहे हैं, तो निसंदेह वह जरूरी होगा। ऐसे में कुछ छोटी-छोटी बातों का ध्यान रखकर आप सब कुछ संतुलित रख सकते हैं। यह कैसे संभव है, आइए आर्टेमिस अस्पताल के मानसिक स्वास्थ्य और व्यवहार विज्ञान के प्रमुख मनोचिकित्सक व सलाहकार डॉ. राहुल चंडोक से जानते हैं।

### धैर्य रखना सीखें

एक बात गांठ बांध लीजिए, इस जीवन में सबसे बड़ी पूंजी है धैर्य। अगर धैर्य हो तो जीवन की कई मुश्किलों का हल आसानी से निकल आता है। बच्चों के लालन-पालन में भी इसकी बड़ी




भूमिका है। कई बार ऑफिस की किसी बात से हम उलझन में होते हैं और उसके बदले में गुस्से का सामना करता है हमारा बच्चा। ऐसा बिल्कुल न होने दें। बच्चे के सामने हमेशा धैर्य बनाए रखें। खासतौर पर उसकी पढ़ाई के मामले में बहुत धैर्य की आवश्यकता होती है। हो सकता है कि पर्याप्त ध्यान न दे पाने से उसका रिजल्ट आपकी उम्मीदों के अनुरूप न रहे, लेकिन इस बात पर झुंझलाहट न दिखाएं।

### बच्चे की बात सुनें

अगर काम के चक्कर में आपके पास बच्चे के लिए बहुत समय नहीं रह पाता है, तो आपको प्रयास करना चाहिए कि जब भी समय मिले उसकी बातों को ध्यान से सुनें। पढ़ाई के बारे में जब उससे बात हो तो वह रिजल्ट पर केंद्रित न हो। उसे ऐसा नहीं लगना चाहिए आप उसे बस रिजल्ट मशीन और स्टेटस सिंबल की तरह मानते हैं। आपकी बात स्कूल के परिवेश, अध्यापकों और उसके दोस्तों पर केंद्रित होनी चाहिए। आपको समझना चाहिए कि उसे कौन से विषय अच्छे लगते हैं और किन विषयों में उसे परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### ले सकते हैं ट्यूटर की सहायता

अगर बच्चा किसी विषय में कमजोर लगता है तो आप ट्यूटर की सहायता ले सकते हैं। हालांकि इसमें उसकी सहमति अवश्य लें। ट्यूशन उसे किसी बोझ जैसा नहीं लगना चाहिए। आप उससे खुलकर बात करें और उसके मन की जानें, तभी



ट्यूशन का फैसला लें। ट्यूशन को स्टेटस दिखाने का माध्यम नहीं बनाना चाहिए। अगर बच्चा कहे कि वह स्वयं कर सकता है, तो उसकी बात पर विश्वास करें और उसका उत्साहवर्धन करें, जिससे वह सही परिणाम ला सके। यह ध्यान रखें कि आपके बच्चे के लिए आपसे बेहतर कोई नहीं हो सकता है। ट्यूशन बस एक माध्यम हो सकता है, लेकिन आपको बच्चे को समय देना जरूरी है। काम का शेड्यूल तय कीजिए और ऑफिस के टाइम के बाद ऑफिस का काम मत कीजिए। इस बात की स्पष्ट लकीर रखिए कि कौन सा समय परिवार और बच्चे के लिए है। टेक्नोलॉजी ने जीवन को आसान बनाया है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि दिनभर लैपटॉप और मोबाइल पर काम ही करते रहें। कोशिश करें कि जब बच्चे के साथ हों तो इन सबसे दूर रहें।

पढ़ाई में बच्चा कैसे प्रगति कर रहा है, इसके लिए हफ्ते में एक या दो दिन टेस्ट के लिए तय कर लीजिए। इस टेस्ट की प्रक्रिया को रोचक बनाइए। इसमें गलती करने पर सजा नहीं, लेकिन अच्छा करने पर इनाम जरूर मिलना चाहिए। इससे बच्चा उत्साहित होगा और उसका यह उत्साह उसके परिणाम में भी दिखेगा।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के टाइटल को लेकर दर्ज हुआ ट्रेडमार्क उल्लंघन का केस



अमेरिकन सिंगर-परफॉर्मर टेलर स्विफ्ट अपनी एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' को लेकर कानूनी पचड़े में फंस गई हैं। टेलर स्विफ्ट को एल्बम से संबंधित ट्रेडमार्क उल्लंघन के मुकदमे का सामना करना पड़ रहा है। लास वेगास की गायिका और लेखिका मारेन वेड, जिनके पास 'कन्फेशंस ऑफ अ शोगर्ल' का ट्रेडमार्क है, उनका दावा है कि एल्बम का टाइटल उनके स्थापित ब्रांड को नुकसान पहुंचाता है। यह मुकदमा कैलिफोर्निया के एक फेडरल कोर्ट में दायर किया गया था। मारेन वेड ने टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत नामकरण और फाल्स कंटपीशन का आरोप लगाया है। वह हर्जाना और टेलर स्विफ्ट को एल्बम के नाम का उपयोग करने से रोकने के लिए अदालत के आदेश की मांग कर रही हैं। मारेन वेड सोलो परफॉर्मर और अमेरिकाज गॉट टैलेंट की एक्स कंटेस्टेंट हैं। उनका कहना है कि उन्होंने एक दशक से अधिक समय अपने ब्रांड को बनाने में बिताया है। 2014 से वह लास वेगास वीकली के लिए 'कन्फेशंस ऑफ अ शोगर्ल' नाम का एक कॉलम लिख रही हैं, जिसमें वह एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने अनुभवों को बताती हैं। यह ब्रांड पॉडकास्ट और पॉप और जैज म्यूजिक वाले लाइव शो तक भी पहुंच चुका है। उनका ट्रेडमार्क लाइव स्टेज परफॉर्मेंस, थिएटर प्रोडक्शन और टेलीविजन पर लागू होता है। टेलर स्विफ्ट ने पिछले साल 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' एल्बम रिलीज किया था। शिकायत में कहा गया कि एल्बम के नाम का इस्तेमाल तुरंत उपभोक्ता वस्तुओं, लेबल, टैग और पैकेजिंग पर किया जाने लगा।

### टॉलीवुड

## रजनीकांत की 'जेलर 2' हुई लीक, मेकर्स ने की फैंस से ये अपील



थलापति विजय की 'जन नायकन' के ऑनलाइन लीक होने के बाद पूरी इंडस्ट्री ने इसके खिलाफ आवाज उठाई और आरोपियों पर कार्रवाई की बात कही। अभी 'जन नायकन' की रिलीज का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब रजनीकांत की 'जेलर 2' के भी ऑनलाइन लीक होने की खबर सामने आ रही है।

रजनीकांत की मच अवेटेड आगामी फिल्म 'जेलर 2' की एक वीडियो क्लिप ऑनलाइन प्रसारित हो रही है। इसके बाद प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने प्रशंसकों सहित सभी को कड़ी चेतावनी जारी की है। यह वीडियो 'जेलर 2' के सेट पर शूट किया गया मालूम पड़ता है। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रशंसकों समेत कई लोगों ने इसे हटाए जाने से पहले ही शेयर कर दिया। सन पिक्चर्स के प्रवक्ता ने प्रेस को एक बयान जारी करते हुए कहा, 'हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि फिल्म 'जेलर 2' के सेट से एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है।

हमारी एंटी-पायरेसी टीम स्थिति पर सक्रिय रूप से नजर रख रही है और इसे हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेगी। जिसमें इन क्लिप को शेयर करने या बढ़ावा देने वाले खातों के खिलाफ कार्रवाई शुरू करना भी शामिल है।'

फिल्म के प्रोडक्शन हाउस ने फैंस को क्लिप साझा न करने की चेतावनी देते हुए लिखा, 'हम मीडिया और फैन क्लब के सदस्यों से निवेदन करते हैं कि वे इस वीडियो का इस्तेमाल, शेयर या रीपोस्ट करने से बचें। ताकि उनके खातों पर किसी भी प्रकार का निलंबन या प्रतिबंध न लगे। कृपया ध्यान दें कि इस प्रकार की किसी भी कार्रवाई या खातों को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रोडक्शन हाउस जिम्मेदार नहीं होगा।

### भोजपुरी

## 'यूपी वाली, बिहार वाली' का ट्रेलर छा गया, देवरानी का पहनावा और भोजपुरी नहीं पसंद



बिहार वाली के भोजपुरी बोलने से लेकर पहनावे तक को नहीं पसंद करती यूपी वाली। रानी चटर्जी और संजना पांडेय जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'यूपी वाली, बिहार वाली' का मजेदार ट्रेलर रिलीज, अंत तक रो पड़ेगा दिल।

भोजपुरी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस रानी चटर्जी और संजना पांडेय जल्द ही अपकमिंग फिल्म 'यूपी वाली, बिहार वाली' पोस्टर रिलीज के बाद से ही सुर्खियों में बनी हुई हैं, लेकिन अब फिल्म का मजेदार ट्रेलर भी रिलीज हो गया है। ट्रेलर में रानी चटर्जी और संजना पांडेय के बीच बिहार और यूपी राज्य को लेकर खींचतान जारी है। रानी चटर्जी जहां यूपी वाली हैं, तो संजना पांडेय बिहार वाली हैं। रानी अपने घर के लिए बिहार वाली देवरानी को पसंद करती हैं, लेकिन उन्हें उनकी बोलचाल औऱ पहनावा नहीं पसंद औऱ वो इन चीजों को लेकर देवरानी को बार-बार टोकती भी रहती है।

शादी के बाद इसी नोंक-झोंक के बीच सास खुद दो दो राज्य वाली की सासु मां बताते हुए इठलाती हैं। दोनों बहुओं में यूपी-बिहार को लेकर लेकर दोनों के बीच जबरदस्त तकरार भी होती है। संजना सिंह यूपी की बुराई करती है तो रानी बिहार की, लेकिन संजना के मां बनने की खुशखबरी से घर में सब कुछ बदल जाता है। देवरानी-जेठानी के बीच प्यार पनपने लगता है, लेकिन एक हादसा पूरे घर की खुशियां छीन लेता है। संजना के बच्चे की मौत हो जाती है और वह मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है।

### छुट्टियों का फैशन

गर्मियों की छुट्टियों का अपना ही मज़ा होता है। चाहे आप बीच पर धूप सेंक रहे हों, पहाड़ियों में एडवेंचर के दीवाने हों या बस शहर के किसी नए मोहल्ले की गलियों में घूम रहे हों, आरामदायक कपड़े ट्रैवल का एक ज़रूरी हिस्सा होते हैं। 2026 के लिए डिजाइनर नेहा सूदन ने समर वेकेशन आउटफिट और स्टाइलिंग आइडिया सुझाए हैं। यह कम्फर्टेबल और स्टाइलिश दोनों हैं। हालांकि नेहा मानती है कि आपको वह सब कुछ पहनना चाहिए जो आपको कॉन्फिडेंट महसूस कराए।



## चिलचिलाती धूप से काले पड़ रहे हैं हाथ तो अपनाएं जरूरी घरेलू नुस्खे

गर्मी के इस मौसम में चाहे आप हाथों को कितना भी कवर करके रख लें, लेकिन धूप का असर इस तक पहुंच ही जाता है। वैसे तो टैनिंग से बचने के लिए आपको बाजार में कई प्रकार से टैन रिमूवल क्रीम आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप घरेलू नुस्खों में ज्यादा भरोसा करते हैं, तो इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपको हाथों की टैनिंग से छुटकारा मिलेगा।

### दही और हल्दी

दही और हल्दी में कई ऐसे तत्व पाए जाते हैं, जो त्वचा को कई परेशानियों से काफी राहत दिलाते हैं। ऐसे में आप टैनिंग की परेशानी को दूर करने के लिए दही और हल्दी के पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिल जाएगी।

एलोवेरा इस चिलचिलाती गर्मी में एलोवेरा शरीर को ठंडक पहुंचाने का काम करता है।



इसके साथ ही ये शरीर की टैनिंग हटाने का काम भी करता है। अगर आप हर रोज एलोवेरा को रात में सोने से पहने हाथों में लगाएंगे, तो आपको टैनिंग से जरूर राहत मिलेगी।

### दही और टमाटर

टमाटर में पाए जाने तत्व त्वचा को एक्सफोलिएट करते हैं। ऐसे में आधे टमाटर को लेकर उसपर दही लें और फिर इससे हाथों का स्क्रब करें। इससे भी आपको टैनिंग से छुटकारा मिलेगा। ये काफी फायदेमंद रहता है।

### कच्चा दूध

शरीर के लिए लाभदायक दूध आपकी त्वचा को भी कई परेशानियों से बचा सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस कच्चे दूध में हल्दी और नींबू मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करना है। इस पेस्ट को टैनिंग प्रभावित त्वचा पर लगाएं। इससे आपको कुछ ही समय में राहत मिलेगी।

## शादी में ट्रेडिशनल ज्वेलरी करें ट्राई, हर कोई करेगा तारीफ



कई बार ऐसा होता हैं जब आप किसी खास मौके के लिए आउटफिट तो पसंद कर लेती हैं लेकिन सही ज्वेलरी का चुनाव नहीं कर पाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि आप कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं कि आप आपने आउटफिट के साथ किस तरह की ज्वेलरी पहने। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो बॉलीवुड की इन एक्ट्रेसेस के लुक से आइडिया ले सकती हैं। इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ट्रेडिशनल ज्वेलरी दिखाएंगे जिन्हें आप आपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं।



### स्टोन वर्क नेकलेस

अगर आप हैवी ज्वेलरी पहनना चाहती हैं तो आप एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित के लुक से आइडिया ले सकती हैं। एक्ट्रेस ने स्टोन वर्क वाला नेकलेस पहना है साथ में हाथ में इसी नेकलेस की तरह मैचिंग कंगन पहने हैं और इस ट्रेडिशनल ज्वेलरी में एक्ट्रेस में काफी सुन्दर नजर आ रही हैं। आप भी एक्ट्रेस के लुक से आईडिया लेकर बाजार से इस तरह का नेकलेस और कंगन खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी आप ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 300 रुपये तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### चोकर



इन दिनों चोकर काफी ट्रेंड में है और अगर आप साड़ी और लहंगा पहन रही हैं तो चोकर वियर कर सकती हैं। इस चोकर को किस तरह अपने आउटफिट के साथ मैच करे इसके लिए आप एक्ट्रेस अनन्या पांडे के लुक आइडिया ले सकती हैं। यह चोकर आपको आसानी से बाजार में मिल जायेगा जिन्हें आप अपने आउटफिट के हिसाब से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## समर सीजन में ऑफिस में पहनने अपनाएं ये फुटवियर

गर्मियों में ऑफिस में जाने के दौरान महिलाएं अपने आउटफिट का चुनाव बड़े ही सोच-समझ के करती हैं पर फुटवियर के मामले में थोडा कन्फ्यूज्ड हो जाती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि महिलाएं चाहती हैं कि वो ऑफिस में ऐसा फुटवियर पहने जिसमें वो कंफर्टेबल हो साथ ही इस फुटवियर में वो स्टाइलिश भी नजर आए। अगर आप भी इस बात को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं कि समर सीजन में किस तरह का फुटवियर ऑफिस में पहन सकती हैं तो आप इस आर्टिकल की मदद से एक परफेक्ट फुटवियर का चुनाव कर सकती हैं।

### लोफर

ऑफिस में पहनने के लिए लोफर फुटवियर एक परफेक्ट ऑप्शन हो सकता है। इस तरह जहां कंफर्टेबल हैं तो वहीं इस फुटवियर में आप स्टाइलिश भी नजर आएगी। यह फुटवियर आप सूट, जीन्स साथ ही साड़ी के साथ भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की फुटवियर आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और




ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 500 से 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

### स्लिंगबैक फुटवियर


स्लिंगबैक फुटवियर जहां पार्टी में पहने जा सकते हैं तो वहीं महिलाएं ऑफिस में इन्हें वियर करके जा सकती हैं। इस तरह के फुटवियर को आप डेनिम के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के फुटवियर में आपका लुक काफी अलग नजर आयेगा साथ ही आप स्टाइलिश भी नजर आएंगी। यह फुटवियर आप ऑनलाइन या फिर ऑफलाइन दोनों ही जगहों से खरीद सकती हैं।

## चेहरे से फाइन लाइन्स ऐसे हो जाएंगी गायब

एक यंगर और नेचुरली ग्लोइंग स्किन पाने के लिए आप कद्दू के बीज और एलोवेरा जेल की मदद से फेस मास्क बना सकते हैं। जहां कद्दू के बीज एंटी-ऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं, वहीं एलोवेरा जेल अपने सुखदायक और मॉइश्चराइजिंग गुणों के लिए जाना जाता है। जब आप इन दोनों को मिक्स अपनी स्किन पर अप्लाई करती हैं तो इससे आपको कई लाभ मिल सकते हैं। सबसे पहले कद्दू के बीज को पीसकर उसका पाउडर बना लें। अब इसमें एलोवेरा जेल, शहद और दही मिक्स करें। अब अपने चेहरे को जेंटल क्लींजर से साफ करें और तौलिए से थपथपाकर सुखा लें। इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। अब गुनगुने पानी से इसे धो लें।

### एजिंग स्किन के लिए कद्दू के बीज के फायदे

कद्दू के बीज विटामिन ई, विटामिन सी और बीटा-कैरोटीन जैसे एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं। जो फ्री रेडिकल्स को बेअसर करने में मदद करते हैं और स्किन को समय से पहले बूढ़ा होने से रोकते हैं। साथ ही साथ, इसमें ओमेगा -3 और ओमेगा -6 फैटी एसिड होते हैं, जो स्किन को हाइड्रेटेड रखते हैं। इसमें मौजूद जिंक कोलेजन उत्पादन के लिए आवश्यक है, जो स्किन की इलास्टिसिटी और फर्मनेस को बनाए रखता है।



### एजिंग स्किन के लिए एलोवेरा जेल के फायदे

एलोवेरा जेल अपने हाइड्रेटिंग गुणों के लिए जाना जाता है। यह नमी को बनाए रखने में मदद करता है और फाइन लाइन्स और रिंकल्स की उपस्थिति को कम करता है। साथ ही साथ, एलोवेरा में अमीनो एसिड होता है जो कोलेजन उत्पादन को बढ़ावा देता है और स्किन की इलास्टिस्टि को बेहतर बनाता है। इससे आपकी स्किन में फाइन लाइन्स कम नजर आती हैं।

### स्किन के लिए शहद के फायदे

शहद एक प्राकृतिक ह्यूमेक्टेंट है, जिसका अर्थ है कि स्किन में नमी बनाए रखता है और उसे हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, शहद में एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो स्किन के एजिंग प्रोसेस को स्लो करने में मदद करते हैं। स्किन के लिए दही के फायदे दही लैक्टिक एसिड से भरपूर होता है।

### कार्नर न्यूज

### जींस अब महिला-पुरुष दोनों की पसंद, स्टाइल और फैशन में आगे

## जींस पहनकर दिखना है हैंडसम तो इसे खरीदते वक्त रखें इन बातों का ध्यान

एक समय था, जब लोग पैंट पहनना पसंद करते हैं। ऑफिस से लेकर बाहर घूमने जाने तक के लिए पैंट ही पहनी जाती थी, लेकिन आज के समय में पैंट की जगह अब जींस ने ले ली है। अब जींस एक ऐसा आउटफिट बन चुका है, जिसे पुरुष और महिला, हर कोई पहनना पसंद करता है। ये काफी आरामदायक भी होती है। जींस पहनने के बाद हर किसी का लुक काफी अलग दिखता है। जिस तरह से जींस पहनने से लोग काफी हैंडसम दिखते हैं, ठीक उसी तरह से अगर सही जींस का चयन न किया जाए तो लुक बिगड़ भी सकता है। महिलाएं तो जींस खरीदते वक्त हर एक छोटी बात का ध्यान रखती हैं, लेकिन लड़के ऐसा नहीं करते। इसी के चलते आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने जा रहे हैं, जिनका ध्यान आपको जींस खरीदते वक्त जरूर रखना है। इन बातों को ध्यान में रखकर आप अपने लुक को स्टाइलिश बना सकते हैं।



### ट्रेंड नहीं, अपने आराम को चुनें

अक्सर लड़के ट्रेंड में जैसी जींस चल रही है, उसे बिना सोचे समझे खरीद लेते हैं। कई बार ऐसे खरीदी हुई जींस से लुक बिगड़ जाता है। ऐसे में हमेशा ऐसी जींस का चयन करें, जो आरामदायक हो, और जिसकी फिटिंग सही हो।

### क्वालिटी हो सही

जींस की क्वालिटी से कभी समझौता नहीं करें। ध्यान रखें कि जींस आपको पूरे दिन पहनकर रखनी है। अगर ये खराब क्वालिटी की होगी, तो ये आपको दिनभर परेशान कर सकती है। ऐसे में हमेशा हल्के स्ट्रेच वाली जींस ही खरीदें।

### बॉडी शेप का रखें ध्यान

जींस खरीदते वक्त अपने शरीर के आकार का ध्यान अवश्य रखें। अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट काफी अच्छी लग सकती हैं। वहीं अगर आपकी पियर शेप बॉडी है, तो आप पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी। इसके अलावा यदि आपकी कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें।

### सिलाई पर भी डालें नजर

जींस खरीदते वक्त एक बार उसे उल्टा करके उसकी सिलाई पर नजर जरूर डालें। अगर इसकी सिलाई टेढ़ी है, तो पक्का ये जींस आपको या तो ढीली आएगी, या फिर काफी टाइट आएगी। लड़कों की जींस में हमेशा स्ट्रेट योक होता है, इसी वजह से इसकी फिटिंग सही आती है।

